कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 340, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 05 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

ग्रीन हाइड्रोजन हब्स का विकास किया जाएगा। इससे ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादक और उपभोक्ता को एक ही जगह पर लाया जाएगा

नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को केंद्र की मंजूरी

नई दिल्ली: नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी गई है। इस मिशन के तहत सरकार भारत को ग्रीन हाइड्रोजन हब बनाना चाहती है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट मीटिंग में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने 2030 तक 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन बनाने का लक्ष्य रखा है। नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के लिए 19,744 करोड़ रुपए की मंजूरी की गई है। इस योजना के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कंपनियों को इंसेंटिव दिए जाएंगे। इंसेंटिब पर 17,490 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। नेशनल हाइड्रोजन मिशन का ऐलान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त 2021 में किया था।

ग्रीन हाइड्रोजन हब बनाने पर भी फोकस: अनुराग ठाकुर ने बताया कि ग्रीन हाइड्रोजन हब्स का विकास किया जाएगा। इससे ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादक और उपभोक्ता को एक ही जगह पर लाया जाएगा। ताकि ट्रांसपोर्टशन भी न बढ़े और जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर भी एक जगह उपलब्ध कराया जा सके। 2047 तक देश को एनर्जी इंडिपेंडेंट बनाने का लक्ष्य हम प्राप्त करे इसके लिए ये बहुत जरूरी

कदम है।

सुन्नी डैम हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को मंजूरी: हिमाचल प्रदेश में सुन्नी डैम हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। शिमला में सतलुज नदी पर बनने वाले इस प्रोजेक्ट पर करीब 2,614 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसकी क्षमता 382 मेगावोट है। इसे 5 साल 3 **महीने में पूरा कर लिया जाएगा।**

हाइड्रोजन और अमोनिया भविष्य के प्रमुख ईंधन: सरकार हाइड्रोजन और अमोनिया को भविष्य के प्रमुख ईंधन के रूप में मान रही है। यह भविष्य में फॉसिल फ्यूल (पेट्रोल, डीजल, कोयला) को रिप्लेस करेगा। नई पॉलिसी में कहा गया है कि ग्रीन हाइड्रोजन बनाने वाले मैन्युफैक्चरर्स पावर एक्सचेंज से रिन्यूएबल पावर खरीद सकते हैं। मैन्युफैक्चरर्स खुद का भी रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट लगा सकते हैं।

भविष्य के ईंधन में आत्मनिर्भर बनना चाहता है भारत: ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया बनाने की बात इसलिए हो रही है क्योंकि यह भविष्य का प्रमुख ईंधन माना जा रहा है। इसके तहत भारत ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया जैसे ईंधनों में आत्मनिर्भर बनना चाहता है। पेट्रोलियम की तरह भारत इन ईंधनों के लिए दूसरे देश पर निर्भर नहीं रहना चाहता है। ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी का सबसे साफ सोर्स है। इससे प्रदूषण नहीं होता है। ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी बनाने के लिए पानी से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को अलग किया जाता है। इलेक्ट्रोलाइजर रिन्यूएबल एनर्जी (सोलर, हवा) का इस्तेमाल करता है। ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग ट्रांसपोर्ट, केमिकल, आयरन सहित कई जगहों पर किया जा सकता है।

2047 तक प्रति व्यक्ति आय 10 हजार डॉलर होगी: विवेक

नई दिल्ली। देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) साल 2047 तक 20 हजार अरब डॉलर के करीब पहुंच जाएगा। इससे देश में प्रति व्यक्ति आय 10 हजार डॉलर (अमेरिकी डॉलर के मौजूदा मूल्य) तक पहुंच सकती है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन विवेक देबरॉय ने बुधवार को एक कार्यक्रम में यह बात कही। देबरॉय हैदराबाद विश्वविद्यालय (यूओएच) में आयोजित इंडियन इकोनोमेट्रिक सोसाइटी (टीआईईएस) के 57वें सलाना सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे।

देबरॉय ने कहा है कि अमेरिकी मुद्रा के आज के मूल्य के हिसाब से साल

2047 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय 10 हजार डॉलर होगी, जबकि जीडीपी का औसत आकार 20 हजार अरब डॉलर होगा। देबरॉय ने कहा कि कोरोना महामारी संभवतः खत्म हो गई है, लेकिन चीन की स्थिति, रूस-यूक्रेन युद्ध, यूरोप तथा अमेरिका में आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं जैसी चीजों को देखते हुए ऐसा लगता है कि अब भी वैश्विक स्तर पर कई अनिश्चितताएं हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों समेत लोगों को बुनियादी जरूरतें प्रदान की गई हैं। भारत में कोरोना बाद आर्थिक संकेतकों में सुधार हुआ है। ऐसे में हर कोई अब वित्त वर्ष 2023-24 में विकास दर और 2047 तक अर्थव्यवस्था की वृद्धि को देखना चाहता है।

एसवाईएल को लेकर हुई बैठक रही बेनतीजा

नई दिल्ली: सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के मुद्दे पर दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक बेनतीजा रही। बैठक में पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। बैठक में कोई सहमति नहीं बन पायी। पंजाब पानी की कमी का हवाला देते हुए अपनी मांग पर अड़ा रहा। बैठक के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब के पास देने के लिए पानी नहीं है और इस मुद्दे पर वे सुप्रीम कोर्ट भी जाने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि वे सतलुज नदी को बचाना चाहते हैं। पंजाब के पास पानी नहीं है, हमारी जमीनों में पानी नहीं बचा। पंजाब के पास 14 लाख ट्यूब-वेल हैं और पंजाब का बड़ा हिस्सा डार्क जोन में है। उन्होंने केन्द्र सरकार से सहायता की भी मांग की। उन्होंने कहा कि हमारी नहरों के लिए केन्द्र ने एक रुपये भी नहीं दिया है। हमें फंड चाहिए।

जल जीवन मिशन योजना में योगी सरकार की बड़ी छलांग

लखनऊ: भारत सरकार के सर्वेक्षण में यूपी ने बड़ी छलांग लगाई है। यूपी के दो जिले गाजियाबाद और महोबा पहली बार जल जीवन सर्वेक्षण की तीन सितारा श्रेणी में शामिल हुए हैं। इस उपलब्धि के साथ यूपी देश का ऐसा राज्य बन गया है जिसके कई जिले अक्टूबर माह से दिसम्बर माह तक लगातार सर्वे के टॉप फाइव श्रेणी में बने रहे हैं। यह इस बात का भी जीता जागता प्रमाण है कि मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ के नेतृत्व में जल जीवन मिशन की योजना यूपी में तेजी से आगे बढ़ रही है।

'हम संकट के साथी, चुनौतियां आने पर पलायन नहीं सामना करते हैं'

मुंबई पहुंचे मुख्यमंत्री योगी बोले, धर्म के प्रदेश से अर्थ के राज्य में आया हूँ

मुम्बई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश चुनौतियां देख पलायन नहीं करता, सामना करता है। सदी के सबसे बड़ी महामारी कोरोना के दौरान जब प्रवासियों के समक्ष पलायन का संकट आया तो उत्तर प्रदेश ने सबको सहारा दिया। प्रवासी हो या निवासी, सबकी सुरक्षा सुनिश्चित की गई। मुम्बई में उत्तर प्रदेश मूल के लोगों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आज का उत्तर प्रदेश आत्मविश्वास से भरा है और आत्मनिर्भर होने की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का बड़ा लक्ष्य लेकर जारी मुहिम के तहत बुधवार को देश की आर्थिक राजधानी

मुंबई पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिनी दौरे की शुरूआत प्रवासी उत्तर प्रदेश वासियों के साथ संवाद से की। मुख्यमंत्री को सामने देख उत्साह से भरे प्रवासी जनों से योगी ने कहा कि बीते पांच-छह वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुए बदलाव के आप सभी साक्षी रहे हैं। पांच वर्ष पहले जिस उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट था, आज विकास की नई कहानी कह रहा है। आजमगढ़ के लोगों को इसी मुम्बई में धर्मशाला तक नहीं मिलता था, आज उसी आजमगढ़ में एयरपोर्ट और यूनिवर्सिटी बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश का युवा अपनी पहचान छिपाने को विवश नहीं है, गौरव के साथ कहता है कि मैं उत्तर प्रदेश वाला हूँ। उत्तर प्रदेश के बदलाव के प्रयासों को साझा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश ने बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, गरीब और व्यापारी असुरक्षा के संकट से घिरे थे। सरकार गठन के साथ हमने सबसे पहले दो विषयों पर फोकस किया।

अब भारतीय नौसेना को मिलेंगे 26 फ्रांसीसी राफेल फाइटर जेट

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने अमेरिकी जेट एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट को खारिज कर दिया है। देश के पहले स्वदेशी विमान वाहक 'विक्रांत' से संचालित करने के लिए राफेल एम का चयन किया गया है। भारतीय नौसेना 26 राफेल एम विमानों के लिए फ्रांस के साथ अरबों डॉलर की डील करने वाली है। मार्च में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के दौरान इस डील पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। भारतीय वायुसेना के बाद भारतीय नौसेना भी फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमान हासिल करने की कतार में है। भारतीय नौसेना ने अमेरिकी जेट एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट को खारिज करके फ्रांसीसी राफेल एम का सौदा करने का विकल्प चुना है। राफेल एम के सौदे को भारत और फ्रांस के संबंधों में मील का पत्थर करार दिया जा रहा है। दोनों देशों के बीच यह डील मार्च में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के भारत दौरे पर हो सकती है। इससे पहले भारतीय वायु सेना ने दो लड़ाकू स्क्वाड्रन (36 विमान) के लिए राफेल को चुना था, अब भारतीय नौसेना राफेल एम का अधिग्रहण करने के लिए तैयार है। राफेल बनाने वाली कंपनी डसॉल्ट एविएशन को भरोसा है कि राफेल एम भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के लिए उपयुक्त होगा। राफेल एम का इस्तेमाल अभी भी ग्रीस, इंडोनेशिया और यूएई की सेनाएं कर रही हैं। अमेरिकी फाइटर जेट एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट और राफेल एम का पिछले साल की शुरूआत में नेवी ने ट्रायल किया था। दोनों लड़ाकू विमानों का परीक्षण गोवा के नौसैनिक अड्डे आईएनएस हंसा में किया गया था।

यूरोपीय देशों को जयशंकर ने दी नसीहत

वियना: भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपनी साइप्रस और ऑस्ट्रिया की यात्रा के दौरान यूरोपीय देशों को नसीहत दी है। उन्होंने साफ कहा है कि हिली हुई विश्व व्यवस्था के लिए यूरोपीय देशों को जागना होगा। उन्होंने यूरोप को नई विश्व व्यवस्था के साथ रूस-यूक्रेन युद्ध जंग और चीन की चुनौती के मसलों पर भी सलाह दी। ऑस्ट्रिया यात्रा समाप्त करने से पहले एक ऑस्ट्रियाई अखबार डाई प्रेसे को दिए साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि यूरोप को हिली हुई विश्व व्यवस्था को समझने के लिए एक वेक-अप कॉल की जरूरत है। यूरोपीय लोगों को यह समझना होगा कि जीवन के कठोर पहलुओं का ध्यान रखने का जिम्मा हमेशा दूसरों का ही नहीं होता है, खुद भी जागना पड़ता है। दुनिया में यदि एक ही शक्ति का वर्चस्व कायम हो जाएगा, तो कोई भी क्षेत्र स्थिर नहीं होगा। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि यूरोप अंतरराष्ट्रीय समस्याओं से दूर रहकर सिर्फ अपने क्षेत्र में विकास करना चाहता है। अंतरराष्ट्रीय समस्याओं से दूरी बनाए रखने की हर संभव कोशिश भी करता है।

'निजी संगठनों के बेरोजगारी के आंकड़ें वैज्ञानिक-मानक नहीं'

नई दिल्ली: केन्द्र सरकार ने बेरोजगारी दर पर हाल ही में प्रकाशित समाचारों का खंडन करते हुए कहा है कि निजी संगठनों द्वारा किए गए दावे, सर्वेक्षण आम तौर पर न तो वैज्ञानिक होते हैं और न ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत मानदंडों पर आधारित होते हैं। उल्लेखनीय है कि सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी के मुताबिक भारत में बेरोजगारी दर ने दिसंबर माह में पिछले 16 महीनों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बेरोजगारी दर अपने उच्चतम स्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुँच गई है। यह 2022 में बेरोजगारी दर का सबसे ऊंचा आँकड़ा है।सरकार का

कहना है कि सांख्यिकीय और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आधार पर ह्यरोजगार-बेरोजगारीह्न पर आधिकारिक डेटा जारी किया जाता है। पीएलएफएस इंगित करता है कि रोजगार बाजार न केवल कोविड-19 महामारी के झटके से उबर चुका है बल्कि यह पूर्व-महामारी के स्तर से भी बेहतर स्तर पर है। जुलाई-सितंबर, 2022 के दौरान बेरोजगारी दर इसी अवधि में 2019 के 8.3 की तुलना में 7.2 प्रतिशत के स्तर पर रही है।

यूपी में 3 महीने टाली प्रोसेस, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तुरंत चुनाव कराने का आदेश दिया था

बिना ओबीसी आरक्षण निकाय चुनाव पर सुप्रीम रोक

नई दिल्ली/लखनऊ: उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण के बिना कराने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को निकाय चुनाव तीन महीने के लिए टालने की इजाजत दी है। इस तीन महीने के समय में पिछड़ा वर्ग के लिए बनाया गया आयोग अपनी रिपोर्ट फाइल करेगा। इस दौरान कोई बड़ा नीतिगत फैसला नहीं लिया जा सकेगा। यूपी में निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण के बिना ही कराने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। बुधवार को याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने अपने फैसले में (पॉइंट-

सी) के बारे में निर्देशित किया है, इस पर रोक लगाई जाती है। इस पर कोर्ट ने संबंधित पक्षों से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

सीएम योगी का ट्वीट- ओबीसी आरक्षण के साथ होगा निकाय चुनाव: यूपी सरकार ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आरक्षण बिना चुनाव कराने के आदेश पर रोक की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। सरकार की तरफ से सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता केस लड़ रहे हैं। 2 जनवरी को हुई सुनवाई में मेहता ने सुप्रीम कोर्ट के सामने सरकार का पक्ष रखा था। उन्होंने कहा कि सरकार ने ओबीसी आयोग का गठन कर दिया है। स्थानीय निकाय चुनाव आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ही कराया जाना चाहिए।

योगी ने कहा था- पहले ओबीसी आरक्षण देंगे, फिर चुनाव कराएंगे: यूपी नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 26 दिसंबर को बड़ा फैसला सुनाया था। हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण के बिना ही निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया था।

'नारी शक्ति की भावना प्रदर्शित करती है कैप्टन शिवा की सियाचिन में तैनाती'

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कैप्टन शिवा चौहान को दुनिया के सबसे ऊंचे संघर्ष क्षेत्र सियाचिन में मिली तैनाती भारत की नारी शक्ति की भावना को प्रदर्शित करती है।

प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा कि यह सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। उल्लेखनीय है कि फायर एंड फ्यूरी सैपर्स की कैप्टन शिवा चौहान दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में कठिन

प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कुमार पोस्ट में ऑपरेशनल रूप से तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बनी हैं।

खबर संक्षेप

पत्रकार के बेटे की मौत पर जताया शोक संवेदना

जारी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय प्रतिनिधि प्रयागराज यमुनापार क्षेत्र के कौंधियारा से एक हिंदी दैनिक से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार लालता प्रसाद मिश्र के 38 वर्षीय पुत्र सुधीर मिश्र का बीते 1 जनवरी दिन रविवार को नासिक के केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट के बाद आग लगने से मृत्यु हो गई। जिनका शव 72 घंटे बाद मिल पाया है। जिस पर क्षेत्र के पत्रकारों सहित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन परिवार में दुख और शोक की लहर दौड़ पड़ी। मौत पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद केसरवानी सहित जिला महामंत्री दिलीप केसरवानी बारा तहसील अध्यक्ष पिंटू सिंह जारी विकास गुप्ता नीरज श्रीवास्तव विनोद केसरवानी विनोद शुक्ला विवेक अग्रहरी शैलेंद्र गुप्ता गुड्डू द्विवेदी अब्दुल अलीम शास्त्री सुशील शुक्ला मोहम्मद अली भैया सोमनाथ कुशवाहा डॉक्टर लालचंद पटेल रामबाबू केसी साहू आदि पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृत आत्मा को शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

धान लादकर जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुल से टकराकर नदी में गिरा चालक की मौत

देर शाम तक शव बरामद नहीं किया जा सका था क्रेन मशीन से टैक्टर निकाल लिया गया था वही घटनास्थल पर सुवह से लोगों की भारी भीड जमा रही

अखंड भारत संदेश

करछना। प्रयागराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोहडा घाट पुल पर बुधवार सुबह 8:00 बजे एक किसान अपने निजी ट्रैक्टर से धान की बोरियां लादकर राइस मिल नैनी जा रहा था कि रास्ते में कोहडार घाट पुल पर अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकराकर नदी के पानी में टाली सहित समा गया घटना की जानकारी होने पर एनडीआरएफ करछना पुलिस मेंजा थाना पुलिस एवं गांव वालों की बड़ी संख्या में भीड़ हो गई देर शाम तक लाश की खोजबीन होती रही लेकिन सफलता नहीं मिली वही मशीन के द्वारा ट्रैक्टर को निकाल कर बाहर कर लिया गया था लेकिन ट्रैक्टर की ट्राली व धान की बोरियां के बीच दवा युवक की लाश नहीं मिल सकी थी कोरांव थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी रूपेंद्र तिवारी 22 वर्ष सुबह 8:00 बजे अपने ट्रैक्टर से 170 बोरी धान टाली पर लादकर नैनी की ओर जा रहा था की दुर्घटना का शिकार हो गया दिन भर आवागमन बाधित रहा वही मौके पर थाना प्रभारी करछना विश्वजीत सिंह सीओ करछना समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल की टीम शव को निकालने में जुटे रही।

चोरी करने के दो आरोपीयो को औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी के रुपये किया बरामद

नैनी। औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज।थाना औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने चोरी के आरोप मुकदमे से जुड़े आज दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के कड़ी में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर सौरभ दीक्षित व एसीपी करछना के आदेश के अनुपालन में थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में मंगलवार उप निरीक्षक अतुल मिश्र अपने टीम के साथ क्षेत्र में अपराधियों की तलाश गश्त में मामूर थे इसी बीच मुखबिर से थाने में दर्ज मुकदमा 93/22 से सम्बंधित आरोपियों की एफसीआई गोदाम कुरिया के समीप मौजूद होने की खास सूचना मिली।जिसके बाद वे दल बल के साथ पहुंचे और घेरकर मोके से दोनो आरोपोयो को दबोच लिया। आरोपी सूरज निषाद पुत्र जीतलाल निषाद 202 आईटीआई कालोनी दुरवाणी नगर नैनी व दूसरा ब्यक्ति आदित्य सोनकर उर्फ लल्लु सोनकर पुत्र कल्लू मानस नगर 22/1 नैनी प्रयागराज के निवासी है।पुलिस के मुताबिक चोरी के चौदह सौ रुपये भी उनके कब्जे से प्राप्त किये गये।गिरफ्तार हुए आरोपी की कुंडली खंगाली गयी तो सूरज के विरुद्ध नैनी में तीन व औद्योगिक क्षेत्र में 01 तथा आदित्य के विरुद्ध नैनी में दो व औद्योगिक क्षेत्र में 02 मामले में अलग अलग अपराध में दर्ज है। में पूछताछ में आरोपियो ने चोरी की अपराध को स्वीकार किये जिसके बाद आगे की विधिक कार्यवाही की गई।

रेलवे सिंगल की केबल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

नैनी। नैनी पुलिस ने चोरी के सम्बंध में थाने पर दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को आज गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार हुए आरोपी द्वारा रेलवे सिग्नल की लगभग 30 फिट की केबल चोरी हुई थी उसके कब्जे से बरामद कर लिया गया।माल बरामदगी के आधार पर मुकदमे में 411 की धारा की बढ़ोत्तरी कर आगे की नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूरी की गई।पुलिस कमिश्नरेट आयुक्त रमित शर्मा द्वारा अपराधियो के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु दिए गये कड़े निर्देश पर मंगलवार नैनी प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी एग्रीकल्चर विपिन कुमार चोरी मामले में पंजीकृत 705/22 मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी लवकुश निषाद पुत्र राजेश निवासी मोहब्बतगंज नैनी प्रयागराज को काली मन्दिर से गिरफ्तार करने में सफल हुए। आरोपी को गिरफ्तार करने में चौकी प्रभारी एग्रीकल्चर के साथ दरोगा प्रेम चन्द्र शर्मा, सिपाही अजीत सिपाही अभिषेक अवस्थी,सिपाही मयंक सिंह आदि रहे।

ससुराल जा रहे व्यक्ति की बाइक से गिरकर हुई मौत

कोरांव थाना क्षेत्र के पथरा गांव में हुआ हादसा

थाने पर मृतक के जुटे परिजन व बच्चे सहित पत्नी

रत्योरा। स्थानीय थाना क्षेत्र के पथरा गांव में ससुराल जा रहे व्यक्ति की अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर मौत हो गई। जैसे ही बाइक सवार के मौत की खबर घर पहुंची परिवार में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजन रोते बिलखते सीएचसी कोरांव पहुंचे जहां चिकित्सकों ने बाइक से गिरकर घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक मोहम्मद साहिल पुत्र हामिद अली (35) निवासी मैलहा गंजरिया थाना कोरांव सुबह 6 बजे के आस पास अपने घर से ससुराल करमा बरौली जा रहा था कि अभी वह कोरांव थाना क्षेत्र के पथरा गांव ही पंहुचा था कि बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। आस पास के लोगों ने आनन-फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाए जहां रोते बिलखते परिजन भी पहुंच गए। चिकित्सकों ने साहिल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। जिसको एक पुत्र इमदाद अहमद व पुत्री रिया फातिमा हैं। परिजनो का रो रोकर बुरा हाल था।

नैनी में अवैध प्लाटिंग पर चला पीडीए का बुलडोजर

160 करोड़ की 42 बीघा पर हुए निर्माण को कराया गया ध्वस्त, 11 प्लाटरो को नोटिस

अखंड भारत संदेश

नैनी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने बुधवार को करछना तहसील के देवरख उपरहार, अरैल गांव में अवैध तरीके से की गई 42 बीघे की प्लाटिंग पर बुलडोजर चलवा दिया। जिसकी कीमत 160 करोड़ रुपए के आस पास आकी जा रही है। साथ ही प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए नोटिस भी जारी कर दिया जिसमें 11 प्लाटों का नाम सामने आया है। पिछले हफ्ते इसी क्षेत्र में पीडीए ने 55 बीघे अवैध प्लाटिंग को कब्जा मुक्त कराकर भाजपा नेता समेत तीन के खिलाफ कार्रवाई की थी। पीडीए की ओर से लगातार हो रही कार्रवाई से प्रॉपर्टी बेचने और खरीदने वालों के बीच में हड़कंप मचा है। करछना तहसील के शहरी सीमा से सटे नैनी क्षेत्र के देवरख उपरहार अरैल में प्रॉपर्टी डीलरों ने पीडीए द्वारा निर्धारित मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए मनमाना तरीके से धुआंधार प्लाटिंग कर रखी है। लेआउट से लेकर भूमि की स्थिति तक को नजरअंदाज कर-के या प्लॉटिंग की गई है। प्लॉट खरीदने वालों ने अपनी अपनी भूखंडों पर बाउंड्री वाल भी करा रखा था। उसी के खिलाफ पीडीए की ओर से लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी ने बताया कि बुधवार को देवरख उपरहार, अरैल मैं बुधवार में 42 बीघे की अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। जिसमें राधिका पाल की 8, इरशाद अहमद की 04, विनोद पाल और संतोष उर्फ भैया जी की 3 - 3, रत्नेश सिंह की 10, वेद दुबे की 5, चंद्र भूषण सिंह व विजय जायसवाल की 3, लकी यादव की 5, कुलदीप महरा की 4 और प्रमोद तिवारी की 2 बीघा जमीन पर की गई अवैध प्लाटिंग पर हुए निर्माण को ध्वस्त कराया गया। सुबह 10:00 बजे से शुरू हुई कार्रवाई शाम को 5:00 बजे तक चलती रही। कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 160 करोड़ के आसपास बताई जा रही है। इस दौरान जोनल अधिकारी के अलावा और नहीं कोतवाली पुलिस अवर अभियंता श्रीरंग दुबे, भवन निरीक्षक कुमार आनंद, क्षेत्रीय सुपरवाइजर एवं पीडीएफ प्रवर्तन दल की टीम मौजूद रही।

ठंड से बचने के लिए समाजसेवी ने राजू शुक्ला ने बांटे कंबल

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए गरीबों असहायो को समाज सेवी व भाजपा नेता इंद्रदेव उर्फ राजू शुक्ला की तरफ से कंबल बांटा गया। हर साल की तरह इस साल भी आज कुंवर पट्टी गांव में मां शीतला मंदिर प्रांगण में इंद्रदेव शुक्ला उर्फ राजू भैया के द्वारा निस्वार्थ भाव से 200 गरीबों व असहायों को ठंड से बचाव हेतु अपने तरफ से कंबल बांटा ।राजू शुक्ला ने कहा कि गरीबों व सहायक सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है सभी को इस श्रेणी के लोगों को निस्वार्थ भाव से सेवा व सहयोग करना चाहिए। आगे ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा हर व्यक्ति का जब तक विकास नहीं होता तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा निरंतर गरीब असहाय लोगों की सेवा करता रहूंगा।इस अवसर पर विभव मिश्रा , तीर्थ राज शुक्ल, पप्पू विश्वकर्मा कल्लू यादव, इंद्रवासिनी, अनुज मिश्रा सहित गांव के समस्त लोग मौजूद हैं।

एसपीओ पुलिस मित्र यूथ टीम के सदस्यों का नैनी थाने पर किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

नैनी। थाने की नियुक्ति कि हुई एसपीओ पुलिस मित्र यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल के नेतृत्व में चलने वाली टीम को हर एक जनहित कार्य में समय-समय पर उच्चाधिकारियों के आदेश पर पुलिस प्रशासन के साथ शांति सुरक्षा व्यवस्था में काम करती चली आ रही है और आज इन्हीं सब को देखते हुए पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा नैनी थाना कोतवाली परिसर में नैनी थाने की नियुक्ति हुई एसपीओ पुलिस मित्र यूथ टीम के सदस्यों के लिए ठंड के मौसम को देखते हुए सभी को नैनी थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह के हाथों द्वारा सभी मेंबर को जैकेट प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया और आने वाले माघ मेला के मुख्य मुख्य स्नान के पर्व एवं क्षेत्र में शांति सुरक्षा व्यवस्था में और समय-समय पर ड्यूटी करने का आदेश किया गया इस मौके पर एसपीओ यूथ टीम के सभी सदस्यों ने सहायक पुलिस आयुक्त करछना अजीत सिंह चौहान एवं नैनी थाना प्रभारी बृजेश सिंह नैनी थाना अपराध निरीक्षक मोहम्मद अली एवं नैनी थाना एस एस आई अजय कुमार सिंह को गुलदस्ता प्रदान कर नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दी इस मौके पर प्रभात सिंह अंकित सिंह दीपक केसरवानी सौरभ नाथ अंकित कनौजिया अनु त्यागी शुभम तिवारी सुरेंद्र सिंह सुशील कुमार अमर बालक अश्वनी कुमार रिजवान अहमद इमरान विशाल सिंह एवं समस्त सदस्यगण मौजूद रहे।

नैनी थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह के हाथों द्वारा सभी मेंबर को जैकेट प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया

वित्तविहीन विद्यालयों को बंद करने व पूंजी पतियों के हाथ शिक्षा को बेच रही सरकार : लाल बिहारी यादव

अखंड भारत संदेश

करछना। वर्तमान भाजपा सरकार वित्तविहीन विद्यालयों को पंगु बना कर मध्यम वर्ग को शिक्षा से बेदखल कर हमेशा- हमेशा के लिए राज करना चाहती है। शिक्षा को पूंजी पतियों के हाथ बेचकर गरीब वर्ग के बच्चों को अशिक्षित बना रही है। उक्त उदगार जमुनापार के उरुवा विकास खंड में स्थित राजधर महाविद्यालय विगहनी के सभागार में व्यक्त किए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष नेता विरोधी दल रहे। शिक्षक विधायक लाल बिहारी यादव ने महाविद्यालय के सभागार में संबोधित करते हुए कहा कि यदि भाजपा सरकार सत्ता में बनी रही तथा शिक्षकों ने उदासीनता बरती तो वित्तविहीन विद्यालय पूजी पतियों के हाथ बिक जायेंगे। शिक्षा इतनी महंगी होगी कि मध्यम तथा गरीब वर्ग शिक्षा से वंचित हो जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य डॉ मान सिंह यादव ने कहा कि संविधान खतरे में है पिछड़े वर्ग के आरक्षण खत्म कर शिक्षा से वंचित कर सरकार मध्यम वर्ग को विकास से वंचित करना चाहती है। श्री यादव ने आगाह किया कि शिक्षक ही ऐसा मार्ग दर्शक है जो समाज को नई दिशा दे सकता है। मेजा विधायक संदीप पटेल ने शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि विधान परिषद में डॉ एस पी सिह पटेल को भेजकर ही हम लोग अपने उद्देश्य की पूर्ति कर सकते हैं। क्योंकि समाजवादी पार्टी के नेता

श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव तथा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने शिक्षकों के हित में जितने कार्य किए हैं वह इतिहास आज भी कायम है। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक रणधीर सिंह तथा संचालन वित्तविहीन गुट के जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू ने किया। उक्त आशय की सूचना संघ के जिला मीडिया प्रभारी जेपी यादव ने दी। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ एस पी सिंह पटेल अभय राज सिंह जंग बहादुर पटेल सीता शरण सिंह बालेंद्र गौतम प्रेमचंद यादव गोविंद प्रसाद भर्तियां मान सिंह पटेल रमेश यादव शिव मोहन पटेल जेपी यादव अमर बहादुर यादव शैलेंद्र कुमारी उमेश यादव कमला शंकर सावित्री कुशवाहा जयंती विन्द सी बी यादव इन्द्र बहादुर आदर्श सिंह लल्न सिंह पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

ग्रामीण पेयजल द्वारा दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण

जल जीवन मिशन के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते लोग।

अखंड भारत संदेश

सहसों। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे एवं ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय 13 तकनीकी प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को केवला प्रसाद महाविद्यालय देवनहरी में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने प्रशिक्षित प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता के साथ हर घर में जल पहुंचे इसके लिए सरकार कृत संकल्प है तथा ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले हर गांव वासियों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पेयजल टंकियां बनाकर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किया जा रहा है। ताकि किसी भी परिवार को शुद्ध पेयजल के लिए परेशानी न हो। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को उपस्थित रहकर विशिष्ट अतिथि शिव नारायण सिंह गप्पू ने भी संबोधित किया। इस दौरान जल जीवन मिशन प्रशिक्षण के जिला कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार ने बताया कि चयनित तेरह तकनीकी प्रशिक्षकों को ट्रेनर सुनील कुमार ,दामिनी ,राजा बाबू, कमल,अंकित ने पेयजल से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर सहायक जिला कोऑर्डिनेटर महेश कुमार एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर हीरामणि ने प्रशिक्षकों को उनके कार्य तथा दायित्व से परिचय कराया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह, ग्राम प्रधान सुभाष चंद्र मिश्र कप्तान, गुलाब प्रसाद त्रिपाठी, दीनानाथ, प्रेमचंद आदि उपस्थित रहे।

डिजिटल युग में आधुनिक उपकरण बहुत ही उपयोगी : अनिरुद्ध सिंह

सहसों। डिजिटल इंडिया में आधुनिकता के दौरान संचार उपकरण के तहत दत्तोपंत ठेंगड़ी श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को सहसों स्थित छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज के प्रबंधक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा कि आज डिजिटल इंडिया का युग है जिसमें मोबाइल ज्ञान का खजाना है जिससे आप बहुत कुछ सीख सकते हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक गेम में नीरज चोपड़ा के जीवन वृत्त की चर्चा हुआ, धन का भुगतान से लेकर बच्चे की शिक्षा तक आप मोबाइल से कर सकते हैं। कार्यक्रम में श्री उत्तम सिंह छेत्रीय निदेशक ने कहा कि कैरियर से लेकर बच्चे की पढ़ाई तक आप मोबाइल में सर्च कर सकते हैं तमाम योजनाओ का लाभ आप संचार साधनों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए श्री अजय सिंह शिक्षा अधिकारी ने कहा कि श्रमिकों के कौशल की पहचान के लिए आगे आने वाले समय में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें एनएसडीसी द्वारा कौशल की पहचान कर उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा एवं प्रधानमंत्री कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रशिक्षुओं को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रमणि मिश्र अध्यक्ष अरमान युवा कल्याण समिति ने किया। इस अवसर पर अंकित, शुशीला महेंद्र, बृजेश, अनीता सहित आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

राजीव नारायण मिश्र माघ मेले के एसपी बने

प्रयागराज। 34 पीएसी वाहिनी वाराणसी में सेनानायक के पद पर तैनात डॉ. राजीव नारायण मिश्र को एक बार फिर माघ मेला एसपी बनाया गया है। इससे पहले भी 2020 21 वा 2021-22 के कोरोना पीरियड में राजीव नारायण मिश्र को माघ मेले को सकुशल संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी गई थी।उनके कुशल मार्गदर्शन में माघ मेला सकुशल संपन्न हुआ था। डॉ. मिश्रा ने माघ मेले में आने वाले सुरक्षाकर्मियों की भी कोविड-19 टो कॉल के तहत जांच कराई थी। जिन पुलिसकर्मियों में कोविड महामारी के लक्षण पाए जाते थे उन्हें अलग क्वारंटाइन कर दिया जाता था। यही कारण रहा कि माघ मेले में लगे सुरक्षाकर्मियों और पुलिस पीएसी के जवानों में कोरोना कम फेल पाया। जिससे मेला प्रशासन को जरूरत के मुताबिक फोर्स जगह-जगह तैनात करने में मदद मिली थी। व्यवहार कुशल व मृदुभाषी होने के कारण डॉक्टर मिश्र के ऊपर योगी सरकार ने एक बार फिर भरोसा करते हुए माघ मेले की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है।

सुरेश त्रिपाठी के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क

धनूपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन में नेता शिक्षक दल व विधान परिषद सदस्य सुरेश कुमार त्रिपाठी के समर्थन में डॉ सुयोग पांडेय प्रधानाचार्य, जमुना प्रसाद शुक्ला आरडीएम परवा, गुड्डू सिंह भादवा, उमाशंकर यादव महर्षि इंटर कॉलेज, संतोष यादव फुनई राम इंटर कॉलेज की टीम क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में जनसंपर्क कर अपने लोकप्रिय नेता को पुनः विजई बनाने की अपील की। विद्यालय के शिक्षकों ने एक स्वर से सुरेश कुमार त्रिपाठी की सहजता, ईमानदारी, सरलता एवं उपलब्धता का गुणगान करते हुए प्रथम वरीयता के मत से विजयी बनाने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। टीम के सदस्यों ने सेंट थॉमस स्कूल हंडिया, मुरलीधर इंटर कॉलेज, जवाहर लाल बिंद इंटर कॉलेज देवनी, महर्षि इंटर कॉलेज हंडिया, विश्वनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगुआ, विक्रमाजीत इंटर कॉलेज, सीताराम इंटर कॉलेज , राम लखन मिश्र इंटर कॉलेज ,स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज बरोत, महानारायण शुक्ला इंटर कॉलेज बरोत ,जोखन लाल यादव इंटर कॉलेज ,अमर बहादुर भारतीय इंटर कॉलेज दिलीप चंद्रपुर, पंडित लक्ष्मी नारायण मिश्र इंटर कॉलेज पूरेकांता, मोतीचंद इंटर कॉलेज सुरेश जयसवाल इंटर कॉलेज के शिक्षकों प्रधानाचार्य व प्रबंधकों से संपर्क कर सुरेश कुमार त्रिपाठी के नाम के सम्मुख एक प्रथम वरीयता लिखकर विजई बनाने की अपील किया।

खबर संक्षेप

आनंद गिरि पर नहीं तय हो सका आरोप, अगली सुनवाई 17 जनवरी को

प्रयागराज। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी आनंद गिरि पर बुधवार को आरोप नहीं तय हो सका। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 17 जनवरी की तिथि नियत की है। आरोपी आनंद गिरि, बड़े हनुमान मंदिर के पूर्व मुख्य पुजारी आद्या प्रसाद तथा उनके बेटे संदीप तिवारी के विरुद्ध जिला जज संतोष राय की कोर्ट में आरोप तय होना था। सीबीआई के अधिवक्ता मोहम्मद फरीद और अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाबचंद अग्रहरि उपस्थित थे। जिला अधिवक्ता संघ की ओर से हड़ताल का प्रस्ताव प्रेषित होने पर मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आरोपियों को 17 जनवरी को तलब कर मामले की सुनवाई की तिथि तय की।

पौष पूर्णिमा प्रथम स्नान को लेकर मंडलायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

पौष पूर्णिमा स्नान के दृष्टिगत मंडलायुक्त ने घाटों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। पौष पूर्णिमा के प्रथम स्थान पर्व के दृष्टिगत मंडल आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों की बैठक करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। सर्वप्रथम सभी घाटों में अनिवार्य रूप से बैरिकेडिंग करा कर सकुर्लेटिंग एरिया की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं के सुगम स्नान हेतु इस वर्ष 14 घाट बनाए जा रहे हैं जिनकी कुल लंबाई 6000 रनिंग फीट से अधिक है, मंडलायुक्त ने फीकल वेस्ट के सक्शन हेतु कार्य योजना बनाकर शौचालयों की सफाई कराने के निर्देश दिए तथा सभी उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने सेक्टरों में बसी संस्थाओं में किस किस दिन शौचालयों का सक्शन हुआ है उसका एक चार्ट तैयार करने तथा संस्थाओं में शौचालयों की सफाई अपने आकंलन एवं डेट चार्ट के हिसाब से कराने के निर्देश दिए।श्रद्धालुओं की समस्याओं के बेहतर निराकरण हेतु मेला कंट्रोल रूम में दो की जगह 5 लाइने शुरू करने तथा सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेक्टर वार उनके नाम, पदनाम एवं कार्य अवधि के साथ जानकारी सूचीबद्ध करके हर सेक्टर ऑफिस में उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।मेले के विभिन्न सेक्टरों का भ्रमण भी किया तथा महावीर पुल के पास उत्तरी दिशा में बनाए जा रहे स्नान घाट का विस्तार कर उसे दक्षिणी भाग में भी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। दिनांक 6 जनवरी को पौष पूर्णिमा के प्रथम स्थान पर्व से आरंभ हो रहे माघ मेला 2023 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत मंडल आयुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने मेला अधिकारी श्री अरविंद कुमार चौहान के साथ मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में सभी संबंधित विभागों की बैठक करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। सर्वप्रथम पौष पूर्णिमा के प्रथम स्थान पर्व हेतु बनाए जा रहे विभिन्न घाटों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी घाटों में अनिवार्य रूप से बैरिकेडिंग करा कर सकुर्लेटिंग एरिया की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं के सुगम स्नान हेतु इस वर्ष 14 घाट मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बनाए जा रहे हैं जिनकी कुल लंबाई 6000 रनिंग फीट से अधिक है। मंडलायुक्त ने मेले में सफाई व्यवस्था एवं शौचालयों को साफ रखने हेतु की गई व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की तथा शौचालयों से फीकल वेस्ट के सक्शन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाई गई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस कार्य हेतु एक कार्य योजना बनाकर शौचालयों की सफाई कराने के निर्देश दिए ताकि स्नान पर्व वाले दिन भी शौचालयों में सफाई व्यवस्था बनाने में कठिनाई ना हो। इसी क्रम में उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने सेक्टरों में बसी संस्थाओं में किस किस दिन शौचालयों का सक्शन हुआ है उसका एक चार्ट तैयार करने तथा संस्थाओं में शौचालयों की सफाई अपने आकंलन एवं डेट चार्ट के हिसाब से कराने के निर्देश दिए।उन्होंने जल निगम केअधिकारियों को संस्थाओं से लेकर शौचालयों तक सभी जगह जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा श्रद्धालुओं की समस्याओं के बेहतर निराकरण हेतु मेला कंट्रोल रूम में दो की जगह 5 लाइने शुरू करने के भी निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेक्टर वार उनके नाम, पदनाम एवं कार्य अवधि के साथ जानकारी सूचीबद्ध करके हर सेक्टर ऑफिस में उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए जिससे रेंडम इंस्पेक्शन के दौरान उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके।

बैठक के पश्चात उन्होंने मेले के विभिन्न सेक्टरों का भी भ्रमण किया। सर्वप्रथम सेक्टर 3 के पीएसी कैंप में जाकर वहां बनाए गए शौचालयों की सफाई व्यवस्था की रैडम चेकिंग की। तत्पश्चात सेक्टर तीन एवं चार के विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर प्रथम स्नान पर्व हेतु की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने महावीर पुल के पास उत्तरी दिशा में बनाए जा रहे स्नान घाट का विस्तार कर उसे दक्षिणी भाग में भी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त ने अरैल में बनाए जा रहे स्नान घाट तथा टेंट सिटी का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त

माघ मेला क्षेत्र में घाटों का निरीक्षण करते मंडलायुक्त

छिवकी समेत 17 स्टेशन बनेंगे नए भारत के नए रेलवे स्टेशन

मथुरा व प्रयागराज जंक्शन की टेंडर आवंटन प्रक्रिया पूरी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नए भारत के नए रेलवे स्टेशनों की संख्या अब और बढ़ जाएगी। प्रयागराज, कानपुर, ग्वालियर के साथ उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) जोन के अब कुल 17 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास होगा। यहां यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। प्रयागराज के छिवकी रेलवे स्टेशन को भी पुनर्विकास की सूची में शामिल कर लिया गया है, ऐसे में मुंबई रूट के यात्रियों को भी स्टेशन पर विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल सकेंगी। जोन स्तर पर इसकी तैयारी शुरू कर दी है। एनसीआर के जिन अन्य 14 स्टेशनों का पुनर्विकास होना है, उसमें आगरा कैंट, आगरा फोर्ट, मथुरा, अलीगढ़, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, खजुराहो, इटावा, मीरजापुर, टूंडला, छिवकी, बांदा, मुरैना, चित्रकूट व दतिया के नाम शामिल हैं। इन सभी 17 स्टेशनों के लिए रेलवे द्वारा कंसल्टेंसी एजेंसी का भी चुनाव कर लिया गया है। एजेंसी के सुझाव पर ही स्टेशनों का मास्टर प्लान बनाया जा रहा है।बुधवार को एनसीआर मुख्यालय पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने सभी 17 स्टेशनों के पुनर्विकास की घोषणा की। बताया कि अभी तक प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल एवं ग्वालियर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की ही योजना थी। इन तीनों ही स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए टेंडर भी निकाला जा चुका है। इसमें प्रयागराज व ग्वालियर के लिए टेंडर आवंटन भी हो चुका है। परन्तु अब 14 और स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए सूचीबद्ध किया गया है। कंसल्टेंसी एजेंसी का चयन हो गया है। आगरा कैंट ,अलीगढ़, मथुरा, आगरा फोर्ट, झांसी और खजुराहो समेत अन्य रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की योजना बनाने का काम एरिनेम एजेंसी को दिया गया है। एजेंसी की रिपोर्ट आने के बाद ही संबंधित स्टेशनों के पुनर्विकास का बजट फाइनल होगा। हालांकि अभी जिन तीन स्टेशनों के पुनर्विकास होना है, उसमें प्रयागराज जंक्शन 790 करोड़, कानपुर सेंट्रल 712 करोड़ एवं ग्वालियर स्टेशन पर 534.79 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

पांच हजार करोड़ होंगे खर्च

उत्तर मध्य रेलवे के 17 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए लगभग पांच हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। अभी सिर्फ तीन स्टेशनों प्रयागराज, कानपुर, ग्वालियर का बजट स्वीकृत हुआ है, जिसमें 2000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें सर्वाधिक खर्च प्रयागराज जंक्शन के पुनर्विकास पर होगा।

माघ मेले में आज से तीर्थयात्री करवा सकेंगे ट्रेनों में रिजर्वेशन, मेले में खोला गया आरक्षण काउंटर

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। माघ मेले में बाहर से आने वाले तीर्थयात्री बृहस्पतिवार पांच जनवरी से ट्रेनों में रिजर्वेशन करवा सकेंगे। इसके लिए रेलवे ने मेला क्षेत्र में आरक्षण काउंटर खोला है। इसके अलावा मेले में रेलवे के शिविर से पहली बार श्रद्धालुओं को प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से संचालित ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान की भी जानकारी मिल सकेगी। रेलवे ने इस बार कुंभ मेले की रिर्हसल के तौर पर माघ मेले में तैयारी की है।

माघ मेले में रेलवे ने अपना शिविर परेड मैदान स्थित त्रिवेणी रोड पर बनाया है। शिविर में रेलवे ने यात्री सुविधा के मद्देनजर कुल तीन काउंटर बनाए हैं। इसमें एक काउंटर अनारक्षित टिकट के लिए रहेगा, जबकि दो अन्य काउंटर में एक पूछताछ एवं एक ट्रेनों में आरक्षण के लिए रहेगा। पूछताछ कार्यालय में प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, सूबेदारगंज के साथ दूसरे जोनल रेलवे से संचालित ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान के बारे में भी यात्रियों को जानकारी दी जाएगी। इसके पूर्व यह व्यवस्था कुंभ मेले के लिए ही थी।रेलवे के शिविर में शहर के सभी स्टेशनों से चलने वाली ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान की समय सारिणी भी लगाई जा रही है। इसके अलावा आरक्षण काउंटर से यात्री कहीं का भी रिजर्वेशन मेला क्षेत्र से ही करवा सकेंगे। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि रेलवे के शिविर से यात्रियों को तमाम सुविधाएं बृहस्पतिवार से मिलनी शुरू हो जाएंगी।

माघ मेला क्षेत्र में कल्पवासियों के सुगम आगमन के लिये प्रस्तावित यातायात प्रबन्ध

प्रयागराज। माघ मेला प्रशासन ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि माघ मेला 2023 के दौरान माघ मास, जो पौष पूर्णिमां (दिनांक 06,.01.2023) से प्रारम्भ हो रहा है, में आगमन करने वाले भारी संख्या में कल्पवासियों के सुगम आगमन हेतु निम्नानुसार मार्ग निर्धारित किये गये हैं।कानपुर लखनऊ रीवा की तरफ से आने वाले समस्त कल्पवासी अपने हल्के वाहन के साथ पाण्टून पुल नं0 03व पाण्टून पुल नं0 05से सम्बन्धित कल्पवास क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे। वाराणसी जौनपुर क्षेत्र की तरफ से आ? वाले समस्त कल्पवासी अपने हल्के वाहन के साथ टीकरमाफी-त्रिवेणी मार्ग से संगम लोवर मार्ग होते हुये, सम्बन्धित कल्पवास क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे। समस्त कल्पवासियों से अपेक्षा है कि वह अपने वाहनों को सम्बन्धित संस्थानों अथवा निर्धारित पार्किंग के अन्दर खड़ा करें जिससे कि मेला क्षेत्र में आने वाले अ?य श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो व कल्पवासियों से निवेदन है कि मेला क्षेत्र में सुगम आगमन के लिये उक्त निर्धारित मार्ग का ही प्रयोग करें तथा उपरोक्तानुसार निर्दिष्ट स्थानों पर ही अपने वाहनों की पार्किंग करें। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष पौष पूर्णिमा का पर्व मकर संक्रान्ति से पहले पड़ रहा है, कल्पवासी पौष पूर्णिमा के पूर्व ही पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति स्नान व कल्पवास हेतु आगमन कर सकते हैं।

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव का केंद्र बना प्रयागराज, सभी दलों ने झोंकी ताकत

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में प्रयगराज मुख्य सियासी केंद्र बन गया है। वर्तमान एमएलसी सुरेश चंद्र त्रिपाठी यहीं के हैं तो सपा ने भी सैदाबाद के एसपी सिंह पटेल को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, भाजपा, कांग्रेस और बसपा ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। चुनाव की घोषणा की जा चुकी है। 30 जनवरी को मतदान होगा। हालांकि, अधिसूचना पांच जनवरी को जारी की जाएगी। ऐसे में दावेदारों एवं दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। नैनी के एक कॉलेज से रिटायर अल्लापुर के सुरेश त्रिपाठी ने इस बार फिर दावेदारी जताई है। वहीं सपा उम्मीदवार सैदाबाद के एसपी सिंह पटेल भी मुट्ठीगंज स्थित डॉ. केपी जायसवाल इंटर कॉलेज में अध्यापक हैं। ये दोनों ही नेता मुख्य दावेदारों में शामिल बताए जा रहे हैं। कुल 33274 में से 16593 मतदाता प्रयागराज के : मतदाताओं की संख्या के लिहाज से भी प्रयागराज महत्वपूर्ण जिला है। इलाहाबाद-झांसी क्षेत्र के अंतर्गत प्रयागराज के अलावा नौ अन्य जिले कौशाम्बी, फतेहपुर, जालौन, हमीरपुर, ललितपुर, बांदा, झांसी, चित्रकूट एवं महोबा शामिल हैं। अभी 33274 हजार मतदाता हैं। इनमें से 16593 मतदाता प्रयागराज में हैं। यानी, करीब 50 फीसदी वोटर प्रयागराज के हैं।सबसे कम मतदाता 750 महोबा जिले में हैं। इसके अलावा झांसी में 3764, फतेहपुर में 3254, जालौन में 2433, बांदा में 1899, कौशांबी में 1407, हमीरपुर में 1292, ललितपुर में 1005 व चित्रकूट में 877 शिक्षक मतदाता हैं। 2016 के चुनाव से तुलना करें तो कुल इस बार 7252 मतदाता बढ़ गए हैं। वहीं प्रयागराज में 3670 वोटर बढ़े हैं। अभी चार जनवरी तक वोटर बनाए जा सकते हैं।

गृहस्थी का समान बाध श्रद्धालु निकले कल्पवास को

झूंसी। सज चुकी तंबुओं की नगरी में आस्था के महापर्व की शुरूआत हो चुकी है। श्रद्धालु एक माह के लिए सांसरिक माया से दूर जप तप नियम संयम के साथ प्रभु की भक्ति में डूब जाने को अपने गृहस्थी के साथ गंगा तट पर लगे माघ मेले में कल्पवास के लिए पहुचने लगे है। शुक्रवार को पौष पूर्णिमा की डुबकी के साथ माह भर का कल्पवास प्रारम्भ हो जायेगा। श्रद्धालु संयमित शैली में साधना के अभ्यास और माह भर के अनुशासन का संकल्प लेकर अपना जप तप शुरू करेंगे। जिसके लिए बुधवार से ही कल्पवास के लिए श्रद्धालु तुलसी के पौधे व भगवान सलिकग्राम के साथ अपने गिरस्थी का समान ट्रैक्टर व अन्य मालवाहक वाहनों में लाद कर माघ मेले की ओर चल पड़े है। अब वह एक माह तक संगम की रेती पर लगे तंबुओं की नगरी में गंगा स्नान, पूजन, भजन करेगे। पुण्य लाभ की ललक के लिए गिरस्थी त्याग कर लोग गंगा की गोद में बैठ कर पूजन भजन करेगे। बुधवार को पूर्वांचल व मध्य प्रदेश की ओर से सैकड़ो लोग वाहनों पर अपना सामान लाद कर एक माह के लिए माघ मेले में जाते दिखाई दिए।

एक सुर में बोले विधायक- नहीं जाने देंगे उच्च शिक्षा निदेशालय

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। उच्च शिक्षा निदेशालय को लखनऊ स्थानांतरित करने के आदेश से शहरियों में नाराजगी है। अधिवक्ताओं, शिक्षकों, छात्रों के साथ अन्य प्रबुद्धजनों ने कहा, ऐसे कार्यालय यदि शहर से चले जाएंगे तो यहां का आभामंडल कम होगा। जिले के सभी विधायकों ने भी एक सुर में कहा वे सरकार के इस कदम का विरोध करेंगे। यहां तक कि भाजपा के विधायकों ने भी कहा कि निदेशालय को लखनऊ नहीं जाने देंगे। इसके लिए वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे।इलाहाबाद दक्षिण विधायक व कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्त नंदी ने कहा, स्थानीय विधायक होने के नाते इस संबंध में पूरी जानकारी लेंगे कि इस आदेश के पीछे क्या उद्देश्य है। किस आधार पर यह आदेश जारी हुआ है। उसके बाद मुख्यमंत्री से आग्रह होगा कि फैसले पर पुनर्विचार किया जाए। इलाहाबाद दक्षिण विधायक व पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा, महत्वपूर्ण कार्यालयों को जनपद से स्थानांतरित न होने के लिए पूरा प्रयास करूंगा। इलाहाबाद उत्तर के विधायक हर्षवर्धन वाजपेई ने कहा, मुख्यमंत्री को लिखित रूप से और मिलकर भी शिक्षा से संबंधित सभी कार्यालयों को यहीं रखने का आग्रह करेंगे जिससे हमारी पहचान न समाप्त होने पाए। फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, कोरांव विधायक राजमणि कोल, बारा विधायक वाचस्पति ने इस प्रकरण को विधानसभा में उठाने की बात कही। फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल और कोरांव विधायक पीयूष रंजन निषाद ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद से इस प्रकरण में वार्ता करने का आश्वासन दिया। कहा, उच्च शिक्षा निदेशालय शहर की धरोहर है। इसे संजोना होगा न कि कहीं और स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

सपा विधायक बोले- जनपद की पहचान खत्म करने की कोशिश

विपक्षी दल सपा ने भी उच्च शिक्षा निदेशालय को लखनऊ ले जाने का खुलकर विरोध किया। प्रतापपुर विधायक विजमा यादव, हंडिया विधायक हाकिम लाल बिंद ने कहा, जनपद की पहचान को हम खत्म नहीं होने देंगे। मेजा विधायक संदीप पटेल और सोरांव विधायक गीता शास्त्री बोलीं, भाजपा सरकार ने प्रयागराज के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया है। इस कदम का सड़क से विधानसभा तक विरोध किया जाएगा।

डिप्टी सीएम केशव ने कहा- सीएम से होगी वार्ता

प्रयागराज की गरिमा पर नहीं आएगी आंच : केशव

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कहना है कि तीर्थराज प्रयाग धर्म, साहित्य, संस्कृति, न्याय व राजनीतिक नगरी के साथ सरकारी कार्यालय का केंद्र है। प्रदेश व राष्ट्र स्तरीय कार्यालय प्रयागराज की पहचान हैं। उनसे जनभावनाएं जुड़ी हैं। प्रदेश सरकार ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगी, जिससे शहर की गरिमा गिरे। मैं स्वयं इसके पक्ष में नहीं हूं। उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में ही रहे। इसको लेकर मुख्यमंत्री से वार्ता होगी। उन्हें यह बताया जाएगा कि प्रयागराज शिक्षा का केंद्र है। इसके जाने से यहां की पहचान प्रभावित होगी। साथ ही जनभावनाएं भी आहत होंगी।

एआरटीओ को टक्कर मारने वाले कार चालक भेजा गया जेल

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नए यमुना पुल पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी भूपेश गुप्ता को टक्कर मारने वाला कार चालक सुमित शर्मा बुधवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या के प्रयास समेत चार धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी पर मारपीट समेत अन्य आरोपों में एक एफआईआर पहले से दर्ज है। भुंडा निवासी सुमित को एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। उस पर घटना के वक्त एआरटीओ के साथ मौजूद रहे प्रवर्तन दल के सिपाही गुंजन तिवारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि एआरटीओ नए पुल पर सड़क पार कर रहे थे, तभी उल्टी दिशा से आ रही अल्टो कार से उन्हें मारने के उद्देश्य से जानबूझकर टक्कर मार दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद विवेचना में सामने आए तथ्यों व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लोकसेवक पर हमला समेत तीन अन्य धाराओं की बढ़ोतरी की गई। बुधवार दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। वहां रिमांड मंजूर होने पर उसे जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर नैनी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि कार आरोपी के पिता हरिश्चंद्र शर्मा के नाम पर है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पर मारपीट समेत अन्य धाराओं में एक केस पहले से दर्ज है। यह 2020 में करछना थाने में दर्ज हुआ था। यह केस उसके गांव के ही सतीशचंद शर्मा ने दर्ज कराया था। जिसमें आरोपी सुमित के साथ ही उसके भाई अमित व माता-पिता को नामजद किया गया था।

हत्या के प्रयास समेत चार धाराओं में केस दर्ज

आरोपी पर 2 साल पहले दर्ज हुआ था केस : कोर्ट की अनुमति से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। उसकी कार भी सीज कर दी गई है।

- अजीत सिंह चौहान, एसीपी करछना

कर्ज में डूबे पूर्व ड्राइवर ने की थी सब्जी व्यापारी की हत्या, पत्नी से अवैध संबंध का भी शक

प्रयागराज। दारागंज थाने के पास 31 दिसंबर की भोर में सब्जी व्यापारी श्यामजी केशरवानी (38) की हत्या उसके ही ड्राइवर रहे अतुल कुमार निषाद ने की थी। पुलिस का दावा है कि कर्ज में फंसाने और पत्नी से अवैध संबंध के शक में उसने वारदात अंजाम दी। उसे गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया गया है। डीसीपी नगर संतोष कुमार मीना ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। इस दौरान एक कैमरे में शाल ओढ़े हुए एक संदिग्ध दिखाई दिया। कुछ अन्य कैमरे खंगाले गए संदिग्ध काफी देर से घटनास्थल के आसपास टहल रहा था। मृतक के फोन की सीडीआर खंगाली तो कुछ अहम सुराग मिले, जिससे मीरागली निवासी अतुल का नाम सामने आया। कुछ स्थानीय लोगों से फुटेज दिखाकर शिनाख्त कराई गई तो उन्होंने भी संदिग्ध की पहचान अतुल के रूप में की।

डीएम ने हाईटेक नर्सरी का किया निरीक्षण

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री बुधवार को विकास खण्ड कौड़िहार स्थित हथिगहा में हाईटेक नर्सरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नर्सरी के मालिक सुधीर मौर्य से जानकारी ली कि बीज कहां से लाया जाता है तथा उसकी पूरी पक्रिया को जाना तथा देखा। उन्होंने नर्सरी के आउटपुट के बारे में भी जानकारी लेते हुए प्रतिवर्ष कितने पौधों को तैयार किया जाता है तथा इसकी आपूर्ति आदि कैसे करते है, जिसपर सुधीर मौर्य द्वारा बताया गया कि 40 लाख पौध तैयार किया जाता है और पाली हाउस के माध्यम से सप्लाई की जाती है। उन्होंने लागत तथा मार्केट रेट के बारे में जानकारी लेते हुए इसे और बड़े स्तर पर बढ़ाये जाने के लिए प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात उन्होंने उनके द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले कृषि यंत्रों को भी देखा, जिसमें सुपर फीडर, रीवर्स एम्पलीफायर, टैज्क्टर सहित अन्य यंत्रों को देखा तथा प्रत्येक यंत्रों की उपयोगिता आदि के बारे में जानकारी ली तथा और विकसित ढंग से करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डी0डी0ओ0 भोलानाथ कनौजिया, उप निदेशक कृषि श्री विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

गिले-शिकवे दूर कर बसपा ज्वाइन करेंगी अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन बहुजन समाज पार्टी का दामन थामने जा रही हैं। इसके लिए बसपा ने गुरुवार को सरदार पटेल संस्थान में आनन-फानन में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया है। इसी में शाइस्ता अपने बेटों के साथ बसपा की सदस्यता ग्रहण करेंगी। इसके बाद उनके महापौर का चुनाव लड़ने की कयासबाजी चल रही है, क्योंकि शाइस्ता पहले भी इस ओर इशारा कर चुकी हैं।अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के बसपा में शामिल होने को प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। मायावती और अतीक अहमद दो विपरीत ध्रुव की तरह देखे जाते थे। अतीक जून 1995 में लखनऊ में हुए गेस्ट हाउस कांड के आरोपियों में शामिल हैं। इसके चलते अतीक हमेशा मायावती के निशाने पर रहे हैं।

अतीक पर कार्रवाई कर चुकी हैं मायावती : मायावती ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में अतीक का कार्यालय गिरवाने के साथ उनकी संपत्तियां जब्त करवा कर जेल भेजा था। यही नहीं, बसपा विधायक राजू पाल की हत्या होने पर अतीक के भाई अशरफ के खिलाफ मायावती ने कड़ी कार्रवाई की थी। अब शाइस्ता के बसपा में शामिल करने के निर्णय पर तरह-तरह की कयासबाजी चल रही है।

औवैसी से नाता तोड़ा : शाइस्ता मौजूदा समय असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम की सदस्य हैं। उससे नाता तोड़कर का बसपा का दामन थामने का निर्णय लिया है। पहले इसे गोपनीय रखा गया था, लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चा होने लगी तो बसपा के पदाधिकारियों ने उनके पार्टी में शामिल होने पर हामी भर दी।

नया पैंतरा खेलने की तैयारी में बसपा : बसपा जिलाध्यक्ष टीएन जैसल का कहना है कि गुरुवार को आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शाइस्ता परवीन पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगी। इसको लेकर सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। दरअसल, बसपा दलित-मुस्लिम गठजोड़ के साथ राजनीति में नया पैंतरा खेलने की तैयारी में है। शाइस्ता को प्रयागराज में नए मुस्लिम चेहरे के तौर पर जनता के बीच लाने की रणनीति अपनाई जा रही है।

मायावती से हो चुकी है मुलाकात

बसपा के सूत्र बताते हैं कि पार्टी की मुखिया मायावती से शाइस्ता की लखनऊ में मुलाकात हो चुकी है। इसमें सारे गिले-शिकवे दूर हो गए हैं।

ब्लाइंड़ मर्डर केस का मानिकपुर पुलिस ने किया सफल अनावरण

एक लोडर वाहन के साथ दो अभियुक्त व एक बाल अपचारी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना मानिकपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम फतेहउल्लापुर के पास 22 दिसम्बर 2022 को सड़क पर एक व्यक्ति का शव मिला था। शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अवलोकन से प्राप्त तहरीर के आधार पर 25 दिसम्बर को थाना मानिकपुर पर मु0अ0सं0 360/22 धारा 302, 201 भादवि बनाम अज्ञात अभियुक्त का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा उक्त अभियोग सफल अनावरण/गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित कर संबंधित को कड़े निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में प्र0नि0 मनीष कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम करेटी के गंगा पुल के पास से उक्त अभियोग से संबंधित दो अभियुक्त व एक बाल अपचारी को एक लोडर वाहन; सुप्रो मिनी ट्रक नं0. (यूपी 33 एटी 9052) के साथ गिरफ्तार किया गया।

बरामद वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों नें बताया कि मृतक की हत्या कर बरामद वाहन से शव को फतेहउल्लापुर में सड़क किनारे फेंके थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में शकील अहमद पुत्र अहमद अली निवासी अलीगंज कस्बा मानिकपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़, मो0 कलाम पुत्र शकील अहमद निवासी अलीगंज कस्बा मानिकपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे।

ससुराली जनों ने विवाहिता को पीट कर भगाया

पट्टी, प्रतापगढ़। शादी के आठ साल बाद पति और ससुराली जन एक राय होकर पीड़िता को मारपीट कर घर से भगा दिया विवाहिता ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत अकारीपुर गांव की रहने वाली रोशनी गुप्ता पुत्र नंदलाल ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि महदहा गांव के रहने वाले विनोद गुप्ता पुत्र करमचंद गुप्ता के साथ उसकी शादी 8 साल पहले हुई थी उसका पति शराबी है जो कि उसे आए दिन मारता पीटता रहता है। पद पंचायत के बाद भी मामले में सुलह समझौता नहीं हो सका। बीते 25 दिसंबर को ससुरालीजनों ने विवाहिता को घर से मारपीट कर भगा दिया। इस संबंध में विवाहिता ने शिकायती पत्र देकर आरोपी ससुराली जनों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

गोवध निवारण अधिनियम के अभियोगों में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थानाध्यक्ष हथिगवां संतोष कुमार सिंह व उ0नि0 रोहित कुमार उ0नि0 सुधांशू सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 169/20 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम तथा मु0अ0सं0 254/22 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम में वांछित अभियुक्तगण जाद उल्ला पुत्र माज उल्ला नि0 ग्राम परेवा नारायणपुर थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ तथा 254/22 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम में वांछित दो अभियुक्त अतहर आलम पुत्र नइयर आलम व अबुसुमरा पुत्र कफा उल्ला नि0गण परेवा नारायणपुर थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को चार अदद चापड़, 01 सुम्मी, 01 रस्सी के साथ थाना क्षेत्र के परेवा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना देल्हूपुर से उ0नि0 राकेश चैरसिया व उ0नि0 कैलाश यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र देल्हूपुर के खरवई रेलवे क्रासिंग के पास से एक व्यक्ति उबैद उल्ला पुत्र शकील अहमद नि0 मदईपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को एक अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना देल्हूपुर पर मु0अ0सं0 02/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। उपरोक्त अभियुक्त थाना सांगीपुर के मु0अ0सं0 32/22 धारा 392ए 411 भादवि का वांछित अभियुक्त है।

दो वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना कोतवाली नगर में प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 11/23 धारा 3/5/8 गौ हत्या निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 वरुण कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान उक्त अभियोग से संबंधित एक अभियुक्त श्याम लाल यादव पुत्र स्व0 रामकिशोर यादव नि0 सोनावां थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के सोनावां नहर के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर जिले के थाना महेशगंज के उ0नि0 अनुपम त्रिपाठी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 218/92 धारा 147ए 325, 504, 506 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त रहीश उर्फ रईश पुत्र अजीम नि0 भौरहन का पुरवा मजरे शेखपुर चैरास थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

चार के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर थाना के थरिया गांव मे मारपीट की घटना मे पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव के इंद्रपाल की पत्नी पूनम पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बुधवार की सुबह साढे नौ बजे खेत मे बांस बल्ली के विवाद को लेकर गांव के विपक्षी आकाश, विकास, विशाल पुत्रगण रामपाल तथा इनकी मां ने एकराय होकर गाली देना शुरू कर दिया। पीडिता के मना करने पर आरोपियो ने उसे मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आकाश समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

सेना के लौटते ही फिर लगने लगी दुकानें व बसें

प्रयागराज से आकर रक्षा मंत्रालय की जमीन की देखभाल करना हुआ मुश्किल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सेना द्वारा शहर के रामलीला मैदान में 24 घंटे पहले ताबड़तोड़ कार्यवाही कर अवैध कब्जा हटाया गया था लेकिन आज बुधवार को रामलीला मैदान में न केवल प्राइवेट बसें फिर खड़ी होने लगी बल्कि कुछ दुकानदार भी अपनी दुकान सजाने लगे।

इन अतिक्रमणकारियों का मानना है कि अब सेना दो-तीन माह बाद फिर आएगी, तब तक तो दुकानें लगा ही ली जाएं। वास्तव में सेना को 35 एकड़ जमीन को सुरक्षित करने के लिये या तो कुछ सेना के जवान यहां तैनात करने पडेंगे अन्यथा जिला प्रषासन का सहयोग लेना पड़ेगा, तभी रामलीला मैदान अतिक्रमणकारियों से मुक्त हो पाएगा। बता दें कि सेना का काफिला प्रयागराज से आता है और चार-पांच घंटे की कार्यवाही के बाद वापस चला जाता है, इसी का फायदा यहां के अतिक्रमणकारी उठा रहे हैं। बता दें कि सेना ने मंगलवार को रामलीला मैदान से अतिक्रमण हटाने के बाद चिन्हीकरण भी किया था और एक बोर्ड लगाकर पूरी 35 एकड़ जमीन को रक्षा मंत्रालय का बताया था। इस पर अवैधानिक कब्जा दण्डनीय अपराध है, फिर भी लोग सेना के जाने के बाद दूसरे दिन अवैध कब्जा करने पहुंच गये।

रामलीला मैदान में अतिक्रमण करती दुकानें व प्राइवेट बसें।

तम्बाकू नियंत्रण पर जन जागरूकता कार्यक्रम आज

प्रतापगढ़। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला ने बताया है कि मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश मनचेतना दिवस 05 जनवरी 2023 के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य एवं तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम हेतु जन जागरूकता किया जाना है। उन्होने बताया है कि जन जागरूकता हेतु साकेत पीजी कालेज के 300 छात्राओं द्वारा रैली, नुक्कड़ नाटक एवं चार्ट प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होने बताया है कि दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक साकेत गर्ल्स पीजी कालेज से अम्बेडकर चैराहा तक रैली निकाली जायेगी एवं अपरान्ह 1.10 बजे से मानव श्रृंखला, नूक्कड़ नाटक कार्यक्रम अम्बेडकर चैराहा पर आयोजित किया जायेगा।

स्काउट गाइड प्रशिक्षण से अनुशासित कला की मिलती है सीख: प्रमोद कुमार

जीजीआईसी में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण के प्रथम सोपान की कार्यशाला का समापन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में हुआ जिसमें स्काउट गाइड प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर का समापन प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गरिमा श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोद कुमार तिवारी प्रधानाचार्य तिलक इंटर कॉलेज एवं स्काउट कमिश्नर जनपद प्रतापगढ़ रहे। प्रशिक्षण समापन कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण के माध्यम से हम अपने जीवन को संतुलित एवं अनुशासन की ढंग से जीने की कला सीखते हैं। हम विपरीत परिस्थितियों में उसका सामना करते हैं और आपदा प्रबंधन को अच्छे से संपन्न कराते हैं। हम एक समूह में काम करने की आदत अपने अंदर पैदा करते हैं उन्होंने सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके माध्यम से हम बिना बर्तन खाना बनाना साफ सफाई चिकित्सा साफ-सफाई अनुशासन आपसी प्रेम भावना एवं आपदा प्रबंधन के गुड सीखते हैं यह जीवन जीने की एक कला है। इसमें हम आपदा स्थितियों का सामना करने के लिए हम अपने आपको तैयार करते हैं तथा बहुत कुछ सीखते हैं। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राघवेंद्र कुमार पांडे प्रधानाचार्य कटैया इंटर कॉलेज एवं जिला स्काउट गाइड सचिव रहे। गीता जिला कमिश्नर गाइड, विशेष प्रशिक्षक संजीव शर्मा आयुक्त जिला प्रशिक्षण स्काउट विकास यादव ट्रेनिंग काउंसलर, सहयोगी ग्रुप में शीला देवी, सबा बानो, रक्षा सिंह आदि रहे विशेष सहयोगी के रुप में डॉक्टर मोहम्मद अनीस रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानाचार्य ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

जीजीआईसी में आयोजित प्रशिक्षण में बोलते स्काउट कमिश्नर प्रमोद कुमार तिवारी।

निजी नलकूपों पर भी अब लगेगा मीटर

अब तक बगैर मीटर उपभोक्ता करते थे मनमाना उपभोग

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। निजी नलकूपों के संचालको को भी अब खर्च की गई विजली का हिसाब देना होगा। जिले के चारो डिवीजनों में नलकूपों पर मीटर लगाने का अभियान शुरू हो चुका है। किसानों को मीटर के लिए किसी भी शुल्क का भुगतान नही करना होगा, पर नलकूप संचालक मीटर लग जाने के बाद मनमाने तरीके से विजली का उपभोग नही कर सकेंगे।

बता दें की जिले में करीब 26 हजार से अधिक नलकूप संचालित है। सदर रानीगंज कुंडा व लालगंज चारो डिवीजनों को मिलाकर 26473 नलकूप संचालित है।इनमें लालगंज डिवीजन में 5791 निजी नलकूप रानीगंज में 5023 सदर में 9024 व कुंडा में 6635 निजी नलकूप विभागीय आंकड़ो में संचालित है। अभी तक कि ब्यवस्था के तहत निजी नलकूपों की बिलिंग बगैर मीटर के होती थी। नलकूपों में मीटर नहीं लगाया गया था, जिसके कारण निजी नलकूप संचालक मनमाने तरीके से बिजली का उपभोग किया करते थे, मगर अब विभाग की नजर इन पर गयी है और इन पर मीटर लगाने का अभियान शुरू हो चुका है। अब इन्हें भी खर्च की गई बिजली का पूरा हिसाब देना होगा।

इसके लिए कार्यदायी संस्था को दी गयी हैं। इस सिलसिले में मीटर एक्सईएन आर एस चैरसिया ने बताया कि मीटर लगाने का अभियान चारों डिवीजनों में शुरू हो चुका है। निजी नलकूप संचालको को मीटर लगाने का कोई शुल्क नही देना होगा।

पत्रकारों ने बैठक कर अर्पित की श्रद्धांजलि, जताया गया शोक

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की तहसील इकाई की बैठक में बुधवार को महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक पं. भगवान प्रसाद उपाध्याय के पौत्र उत्कर्ष उपाध्याय की टेज्न दुर्घटना में हृदय विदारक मृत्यु पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक मे पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक तथा उनके शोकसंतृप्त परिवार के प्रति संवेदना के साथ ईश्वर से असह दुःख सहन करने की परिजनों को शक्ति देने की प्रार्थना की जाती है। साथी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा की अध्यक्षता तहसील इकाई अध्यक्ष विनोद सिंह तथा संचालन महामंत्री साकेत मिश्र ने किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि इस दुखद घटना के चलते आगामी उन्तीस जनवरी को माघ मेला मे होने वाले महासंघ के राष्ट्रीय सम्मेलन व सम्मान समारोह को भी स्थगित कर दिया गया है। इस मौके पर विकास मिश्र, डा. आशीष सिंह, सुरेंद्र तिवारी सागर, सुरेश मिश्र मदन, मनोज सिंह, राघवेंद्र मिश्र, राजेन्द्र मिश्र, संतोष तिवारी, संजीव त्रिपाठी, सुमित त्रिपाठी, उमेश तिवारी, शिवकरन चतुर्वेदी, लवलेश शुक्ल, संदीप मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, बाबा नरेंद्र ओझा, जगत वर्मा, धर्मेंद्र मिश्र, आनंद प्रकाश त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, सुनील सिंह, प्रेम मिश्र, राकेश तिवारी, अशोकधर द्विवेदी, मनोज त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, राजकुमार मिश्र, सुनील सिंह बघेल, सरवर आलम, मुकेश सिंह, शुभम श्रीवास्तव, राजेश पाण्डेय, शत्रुघ्न पाण्डेय व अनूप त्रिपाठी, आशुतोष मिश्र, आईपी मिश्र, संजयमणि शुक्ल, शास्त्री सौरभ आदि रहे।

भीषण ठंड से बचाने के लिए क्लब ने बांटे कंबल व गर्म कपड़े

पशुओं के लिए बोरे के कोट पहनाने का अभियान निरंतर जारी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा भीषण ठंड में कंबल वितरण व पशुओं के लिए बोरे के कोट पहनाकर ठंड से निजात दिलाई जा रही है। उसी क्रम में क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में रात्रि भ्रमण कर भीषण ठंड से परेशान असहायों को कंबल वितरण कर ठंड से बचाने की कोशिश की गई।

रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि क्लब गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी गरीब असहायो को इस बीच ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण कर रहा है। उसी क्रम में आज रेलवे स्टेशन, भंगवा चुंगी, बस स्टैंड, चिलबिला आदि जगहों पर रात्रि भ्रमण कर ठंड से ठिठुर रहे गरीबों असहायो को कंबल देकर सभी को राहत पहुंचाई गई। यह अभियान पूरे जाडे. भर चलता रहेगा। इसी तरह घुमंतू पशुओं व गौशालाओं में रह रहे पशु को भी क्लब के पदाधिकारी बोरे के कोट पहना कर भीषण ठंड से बचाने की कोशिश कर रहे है। रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी जनमानस से अपील किया है कि आप सभी इस अभियान से जुड़कर पुण्य के भागीदार बन सकते हैं। गर्म कपड़े व कंबल आदि कोई भी दानदाता देना चाहे तो अशोक अग्रवाल चैक के यहां दे सकते हैं। क्लब सभी का आभारी रहेगा। अभियान में सहयोग कर रहे अशोक अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, शिवेश शुक्ला, डॉ0 दयाराम मौर्य, राजीव कुमार आर्य, परमानंद मिश्रा, विवेक कुमार, आदर्श कुमार, देवेंद्र, पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, रेखा उमरवैश्य, ज्योति खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, मेघा आदि पदाधिकारीगण अभियान में सहयोग कर रहे हैं।

असहायों को कम्बल वितरित करते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

पांच जनवरी का शासकीय अवकाश निरस्त

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि शासन के निदेर्शानुसार जनपद में निर्गत शासकीय अवकाश सूची-2023 को संशोधित करते हुये गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती 05 जनवरी 2023 के शासकीय अवकाश को निरस्त कर दिया गया है।

कड़ाके की ठंड में कम्बल पाकर खिल उठे निर्धन व असहाय के चेहरे

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास खण्ड कालाकांकर की ग्राम पंचायत अंधरीपुर कोडरा में बुधवार को ग्राम प्रधान डॉ मनोज कुमार पटेल व पिता डॉ सुखराम पटेल के साथ ग्राम पंचायत अधिकारी आर पी यादव ने 150 निर्धन असहाय तब के महिला व पुरुषों को ऊनी कम्बल वितरण किया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान डॉ मनोज पटेल के पिता डॉ सुखराम पटेल ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में निर्धन व असहायो को ठंड से बचाने के लिए जो कदम मेरे बेटे ग्राम प्रधान डॉ मनोज पटेल ने उठाया वह सराहनीय है।गरीब की सेवा व सम्मान से बढ़कर कोई सेवा नही है।इस लिए गरीबो की बढ़ चढ़कर सेवा करने से जीवन बड़ा सुखदायी होता है।कम्बल वितरण कार्यक्रम में शामिल नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने अपने हाथों से गरीबो को कम्बल भेंट किया साथ मे उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। इस मौके पर विनय कुमार पटेल, दशरथ पटेल, शत्रुघ्न पटेल, प्रेमचन्द्र, चन्द्र भवन पटेल, अंकित गौतम, सुनील पाण्डे, सोहनलाल साहू आदि लोग मौजूद रहे।

असहायों को कम्बल वितरित करते अतिथिगण।

मेडिकल कालेज में पांच सीनियर रेजीडेंट का हुआ चयन

प्रतापगढ़। डा0 सोनेलाल पटेल स्वषासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के लिये शासन द्वारा पांच सीनियर रेजीडेंट (निश्चेतना विभाग, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, एनसथीसिया विभाग, सर्जरी विभाग व मानसिक रोग विभाग) का चयन किया गया है जिसमें मुख्य रुप से मानसिक रोग विभाग में एक सीनियर रेजीडेंट का चयन है क्योंकि अभी तक इस विभाग में सुविधाएं महाविद्यालय में उपलब्ध नहीं थी। इस नियुक्ति से प्रतापगढ़वासियों एवं आसपास के अन्य जनपदवासियों को चिकित्सा लाभ मिलेगा।

तीन दिन बाद निकली धूप, लेकिन गलन बरकरार, न्यूनतम तापमान एक डिग्री घटा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। तीन दिनों के बाद आज बुधवार को धूप निकली तो लोगों में खुषी हुई कि मौसम में शायद कोई परिवर्तन हो लेकिन इस धूप में भी ठंडी हवाओं के चलते जनजीवन असामान्य रहा। शाम होते ही गलन बढ़ गई।

आज बुधवार को पूर्वान्ह लगभग दस बजे तेज धूप निकली और अपरान्ह लगभग चार बजे तक रही। लोग धूप के झांसे में आकर बाहर निकले लेकिन ठंडी हवाओं ने उन्हें फिर रोक दिया। शाम चार बजे के बाद से गलन फिर बढ़ने लगी। आज न्यूनतम तापमान एक डिग्री घटा है, जो 9.5 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। जबकि अधिकतम तापमान में थोड़ी वृद्धि हुई है। यह 14.5 डिग्री से बढ़कर 16.5 डिग्री पहुंच गया है। जानकार लोगों का कहना है कि यह भीषण ठंड गेहूं की खेती के लिये वरदान है। किसान इससे खुष हैं लेकिन इस भीषण ठंड में लापरवाही करने वालों के लिये बड़ा खतरा है। भीषण ठंड से लोग जुखाम बुखार से पीड़ित हो रहे हैं।

दुर्घटना मे युवक की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दुर्घटना मे मौत हो गयी। लीलापुर थाना के बहुचरा निवासी भोला शर्मा का पुत्र पवन शर्मा 32 मंगलवार की देर रात बाइक से घर जा रहा था।

कटैया गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से पवन गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। चोट अधिक लगने के कारण पवन की मौत हो गयी। हादसे मे युवक की मौत से परिजनो मे कोहराम मच गया। मृतक दो भाईयो मे सबसे बड़ा था और एक स्कूली वाहन चलाकर परिवार का भरण पोषण किया करता था। मृतक अपने पीछे डेढ़ वर्ष की बेटी रागिनी व पत्नी रेनू को निराश्रित छोड गया है। घटना से उसका छोटा भाई शैलेन्द्र भी बदहवाश दिखा।

खबर संक्षेप

तेज रफ्तार कार ने किशोरी को मारी टक्कर

कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बाजापुर देवखर पुर के पास कोचिंग से लौट रही साइकिल सवार किशोरी सीमा मौर्या पुत्री भैया लाल मौर्या निवासी देव-खर पुर को बाजा पुर के पास कार ने टक्कर मार दी है टक्कर मारने के बाद किशोरी गाड़ी में फंस गई और 200 मीटर तक किशोरी गाड़ी में घसीटती रही 200 मीटर दूर जख्मी हालत में किशोरी गाड़ी से अलग हुई है हादसे में किशोरी को गंभीर चोटें आई हैं मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग पहुंचे हैं और घटना की सूचना परिजनों को दिया है परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को देते हुए घायल किशोरी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है जहाँ गंभीर हालत में किशोरी का इलाज चल रहा है।

दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक महेवाघाट मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त हर्ष केसरवानी पुत्र भगवानदास केसरवानी व भगवानदास पुत्र स्व0 चन्दनलाल निवासीगण कुम्हियावा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

30 लीटर शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मूलचन्द्र पुत्र हीरा लाल निवासी लच्छीपुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 10 लीटर अवैध शराब तथा थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त उदय सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी नूरपुर थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है।

चेकिंग के दौरान कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 177 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों से 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

पुलिस चौकी के बगल में लाखों का सामान उठा ले गए बेखौफ चोर

अखंड भारत संदेश

पहले हो चुकी दर्जनों चोरियों का महीनों बाद भी पुलिस की सुस्ती से नहीं हो सका खुलासा

चोरी के बाद घटनास्थल पर जुटी भीड़

टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के टेड़ीमोड़ पुलिस चौकी के आसपास लगातार चोरियां हो रही है पहले भी दर्जनों चोरियां हो चुकी है बीती रात फिर 4 घरों में पुलिस चौकी के पास चोरी हो गई है लेकिन किसी भी घटना का खुलासा करने में पुलिस को सफलता नहीं मिली है लगातार हो रही चोरियों से इलाके में लोगों में दहशत व्याप्त है चोरी की घटनाओं के ना रुकने से चौकी पुलिस की लापरवाही साफ झलक रही है।

टेडीमोड चौराहे पर बीती रात चार दुकान के सटर का ताला तोड़कर दुकान का सामान बेखौफ चोर उठा ले गए हैं पहली घटना अमित कुमार जयसवाल के शहजादपुर रोड पर सहज जन सेवा केंद्र पर हुई है रात में उनकी दुकान का ताला तोड़ दिया गया है जब सुबह उन्हें जानकारी हुई तो देखा कि सटर का ताला टूटा था दुकान मे रखा 18 हजार रुपया नगद चोर उठा ले गए है।

इसी तरह मनमोहन पुत्र बंशीलाल प्रजापति की कास्मेटिक की दुकान का ताला तोड़कर बीती रात बेखौफ चोर 10 हजार रुपए नगद वा 5 हजार का सामान उठा ले गए है सुशील केशरवानी की परचून की दुकान शहजादपुर रोड पर है इनके दुकान का ताला तोड़कर दुकान के अंदर रखा 29400 रुपए नगद वा बच्चो का बैग चोर उठा ले गए लल्लू की बाग मे सुबह बैग पड़ा मिला है। पुलिस चौकी से 5 मीटर की दूरी पर सोनकर मार्केट मे सूर्य ऑनलाइन केंद्र एवं मोबाईल सेंटर की दुकान है पुलिस चौकी के बगल की दुकान का सटर का ताला तोड़कर बीती रात बेखौफ चोर 25 हजार रुपए नगद वा 30 हजार रुपए का मोबाईल का सामान उठा ले गए पुलिस चौकी के आसपास पूरी रात चोर घूम घूम कर घटनाओं को अंजाम देते रहे और चौकी पुलिस सड़कों के वाहनों से अवैध वसूली तक मस्त रही चौकी के आसपास लगातार हो रही चोरी की घटनाओं और चौकी पुलिस की लापरवाही के चलते लोगों में दहशत और भय का माहौल है आला अधिकारियों को चौकी पुलिस के इस लापरवाही को संज्ञान लेकर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है।

बन्द पड़े घर का ताला तोड़कर घुसे चोर ने किया चोरी का प्रयास

भरवारी कौशाम्बी। थाना कोखराज अंतर्गत भरवारी पुलिस चौकी छेत्र के कस्बा भरवारी निवासी शिक्षक अतुल अपने परिवार सहित अपने गांव के घर गए हुए थे बीती रात्रि मे घर मे लगा ताला को तोड़कर चोर अंदर घुसे और दूसरे कमरे का ताला तोड़ने का प्रयास किया परंतु इंटर लॉक लगा होने की वजह से दूसरे कमरे का ताला चोर नही तोड़ सके जिससे उनके घर मे रखा सारा सामान बच गया। घटना की जानकारी सुबह होने पर मोहल्ले वालो ने जरिए मोबाइल उन्हें सूचना दी वापस अपने गांव से आने के बाद शिक्षक ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस पहुंच कर लिखा पढ़ी कर जांच में जुट गई 'यह तो खुदा का शुक्र था कि चोर इंटर लॉक नही तोड़ पाए वरना नए साल में अभी तक की सबसे बडी चोरी की घटना होती वही पुलिस के लिए फिर एक बड़ी चुनौती बन जाती।

डीएम ने उद्यमियों की समस्याओ को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के दिये निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक की गई जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान उद्यमियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दियें बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर विगत एक माह में कुल 1144 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 16 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है, जिसमें से खाद्य एवं औषधि विभाग के-08, प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के-04 आबकारी विभाग के-01 एवं कृषि विभाग के-03 सम्मिलित हैं जिस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रकरण को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पीएमईजीपी योजना के तहत 58 लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 73 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके है इसी प्रकार एमवाईएसवाई योजना के तहत 57 लक्ष्य के सापेक्ष 70 तथा ओडीओपी योजनान्तर्गत 32 लक्ष्य के सापेक्ष 30 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके हैं जिस पर जिलाधिकारी ने अग्रिम आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये बैठक में उपायुक्त उद्योग ने नये औद्योगिक क्षेत्र-गौसपुर टिकरी एवं भेलखा में विकसित किये जाने के सम्बन्ध में अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीसीडा, कानपुर एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा, प्रयागराज को भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में पत्र प्रेषित कर दिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभावी पैरवी कर अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि मिनी औद्योगिक आस्थान परसरा में आवंटित भूखण्ड पर कुछ उद्यमियों द्वारा अपने इकाई का संचालन ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित उद्यमी को आ रही समस्याओ का निराकरण कर अपने इकाई का संचालन ठीक प्रकार से करने के निर्देश दियें। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नवीन औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के माध्यम से वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से 11 से 12 फरवरी 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि नये उद्यमियों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा स्टॉम्प ड्यूटी में छूट, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति पूँजीगत सब्सिडी एवं ब्याज सब्सिडी, एमएसएमई सेक्टर में गुणवत्ता सुधार को प्रोत्साहन एवं इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी में छूट आदि सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी उन्होंने जनपद के उद्यमियों एवं व्यापारी बन्धुओं से अनुरोध किया कि जनपद में औद्योगिक वातावरण का सृजन ज्यादा से ज्यादा हो सके।

भूकंप आपदा पर एनडीआरएफ जिला प्रशासन कौशांबी एवं स्कूली बच्चों ने किया संयुक्त मॉक अभ्यास

अखंड भारत संदेश

कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली छात्र

भरवारी कौशाम्बी। अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय की उपस्थिति में आज भवन्स मेहता विद्याश्रम, भरवारी में एनडीआरएफ, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जनपद के अन्य हितधारकों द्वारा संयुक्त रूप से भूकम्प पर एक मॉकड्रिल/मॉक अभ्यास ह्लनिरीक्षक इन्द्रदेव कुमारह्ल के नेतृत्व में किया गया। मॉकड्रिल के दौरान भूकम्प पर एक परिदृश्य को चित्रित किया गया, जिसमें एक स्कूल की इमारत ढह गई और कुछ कर्मचारी व छात्र फॅस गए, तदनुसार, ई.ओ.सी. इमरजेन्सी ऑपरेशन सेन्टर) को घटना के बारे में सूचित किया गया, जिसने एनडीआरएफ के नियंत्रण कक्ष और सभी संबंधित हितधारकों को आपात प्रतिक्रिया के लिए सूचित किया। एनडीआरएफ की टीम के पहुँचने से पहले सतही पीड़ितों को पहले मौके पर मौजूद लोगों ने सुरक्षित निकाल लिया। घटना स्थल पर पहुँचने पर एनडीआरएफ की टीम ने प्रारंभिक ऑकलन किया और एक साथ ऑपरेशन का बेस, कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट, कम्युनिकेशन पोस्ट स्थापित किए गए। ऑकलन के तुरंत बाद टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और कटिंग उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए इमारत में क्षैतिज दृष्टिकोण बनाकर गम्भीर रूप से फॅसे पीड़ितों को बचाया गया। दूसरी मंजिल में फॅसे अन्य पीड़ितों को विभिन्न रस्सी बचाव तकनीकों से बचाया गया। सभी पीड़ितों को मेडिकल एजेंसियों द्वारा अस्पताल पूर्व उपचार देने के बाद अस्पताल पहुँचाया गया। यह पूरी कवायद इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम के दिशा-निदेर्शों के अनुसार आयोजित की गई थी और पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया। ज्ञातव्य है कि आपदा जोखिम और नियुनीकरण के लिए कमान्डेंट श्री मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में 11वीं एनडीआरएफ, वाराणसी की टीमें विभिन्न एजेंसियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए संयुक्त मॉक अभ्यास का आयोजन करती रहती है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चायल राजेश कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सिराथू डॉ0 केजी सिंह, एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल, जिला आपदा विशेषज्ञ दद्दन कुमार, उप निरीक्षक चंदन कुमार, सहायक उप निरीक्षक मनवीर सिंह एवं ब्रजेश कुमार पांडेय, मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार एवं कमलेश आदि लोग उपस्थित रहें।

न्यूज झरोखा

8 घण्टे के अन्दर अपहृत सकुशल बरामद

कौशांबी। थाना चरवा अंतर्गत वादी शिव आसरे पुत्र स्व० दुखी पासी निवासी कमालपुर थाना चरवा द्वारा तहरीरी सूचना के माध्यम से बताया गया कि उसके भाई रामआसरे को 03-04 व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा चारपहिया वाहन में बैठाकर अपहरण कर लिया गया है इस सूचना पर थाना चरवा पर मुकदमा बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया जिसमें पुलिस बल व प्रभारी एसओजी के नेतृत्व में टीम गठित कर तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उपरोक्त टीम द्वारा तत्परता पूर्वक घटना स्थल का निरीक्षण व अन्य साक्ष्य के साथ इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित करते हुये अपहृत को 08 घण्टे के अन्दर लखनऊ चारबाग से सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ से यह तथ्य प्रकाश में आया कि अपहृत रामआसरे उपरोक्त द्वारा पूर्व में मुकदमा पाक्सो एक्ट बनाम शिवमूरत पासी पुत्र स्वङ्ग सुन्दरलाल निवासी ग्राम कमालपुर थाना चरवा के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था। साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था जिसमें कल जमानत हेतु सुनवाई लगी थी जिसमें दबाव बनाने के लिये तथा अभियुक्त शिवमूरत पासी उपरोक्त की जमानत न होने पाये उसकी वजह से कतिपय कुछ व्यक्तियों के कहने पर मनगढ़ंत कहानी गढ़ के अपहरण की घटना तैयार की गयी थी। मनगढ़ंत कहानी गढ़ कर घटना तैयार कराने में संलिप्त व्यक्तियों के सम्बन्ध में साक्ष्य संकलित किये जा रहे है साक्ष्य के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी।

सिराथू रेलवे स्टेशन पर ओवरब्रिज के नीचे महिला का मिला क्षत विक्षत शव

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रेलवे स्टेशन के पास दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज के नीचे कुछ दूर एक 45 वर्षीय महिला का क्षत विक्षत शव मिला था जिसकी शिनाख्त रजनी उम्र लगभग 45 वर्ष पत्नी सदानंद पाण्डेय निवासी मलाक पींजरी थाना मंझनपुर के रूप में हुई है आज बुधवार महिला का रेलवे ब्रिज के नीचे शव मिलने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने बताया परिजनों के अनुसार महिला का दिमागी हालात सही नही थे पिछले 3 -4 माह से महिला का उपचार करवाया जा रहा था रेलवे पुलिस बल ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

स्थानांतरण होने के बाद कार्यमुक्त नहीं हुआ लेखपाल

कौशांबी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पश्चिम सरीरा इलाके में तैनात लेखपाल मुमताज को इलाके से स्थानांतरित कर कमलेश कुमार को पश्चिम सरीरा इलाके में तैनात करने का निर्देश उप जिलाधिकारी मंझनपुर ने दिया लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी अधिकारियों के आदेश के बाद भी मुमताज चार्ज छोड़ने को तैयार नहीं है पश्चिम सरीरा क्षेत्र में फिर से तैनाती को लेकर मुमताज नेताओं की चौखट पर दौड़ रहा है जिससे राजस्व का कार्य प्रभावित हो रहा है स्थानांतरण के बाद अधिकारियों के आदेशों का पालन न करने वाले लेखपाल को निलंबित किए जाने की मांग इलाके की जनता ने अधिकारियों से की है नए लेखपाल कमलेश कुमार को कार्यभार ग्रहण कराए जाने की मांग आम जनता कर रही है।

5 जनवरी को खुले रहेंगे जनपद के समस्त शासकीय कार्यालय

कौशाम्बी। उ0प्र0 शासन, सामान्य प्रशासन अनुभाग, लखनऊ द्वारा वार्षिक अवकाश से सम्बन्धित जारी सूची में से गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती,05 जनवरी, 2023 के अवकाश को निरस्त कर दिया गया है। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आदेशित किया है कि 05 जनवरी, 2023, दिन गुरूवार को जनपद कौशाम्बी के समस्त शासकीय कार्यालय आदि खुले रहेंगे।

जनपद न्यायालय में 05 स्थानीय अवकाश घोषित

कौशाम्बी। जिला जज बृजेश कुमार मिश्र ने उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निदेर्शानुसार जनपद न्यायालय में 05 स्थानीय अवकाश घोषित किये हैं। उन्होंने 22 मार्च, 2023 चेटीचन्द्र/चैत्र नवरात्रि आरम्भ, 21 अप्रैल 2023 जमात-उल-विदा/रमजान का अन्तिम शुक्रवार, 21 अगस्त 2023 नागपंचमी, 31 अगस्त रक्षा बन्धन एवं 15 नवम्बर भैयादूज को स्थानीय अवकाश घोषित किए है।

निरोधात्मक कार्यवाही में 08 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना पिपरी से तीन थाना कड़ाधाम से एक थाना मेहवाघाट से तीन कुल 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

डग्गामार बसों के हवाले पूरी यातायात व्यवस्था समस्याओं से जूझ रहे यात्री

थाना पुलिस यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों के रहमों करम पर बिना लाइसेंस के चालको के हाथ सड़कों पर दौड़ रही हैं हजारो बिक्रम

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। एक तरफ देश 21वी सदी में प्रवेश कर तेज रफ्तार बुलेट ट्रेन का सपना देख रहा है तो दूसरी तरफ कौशांबी जिले के लोग यातायात की बिकराल समस्या से जूझ रहे हैं जिले के 5% यात्री को भी सरकारी बस नसीब नहीं होती है जो सरकारी बसें चलती भी हैं वह भी खटारा होती है जिले की 45% यातायात व्यवस्था डग्गामार प्राइबेट बसों के सहारे हैं बिना परमिट की चलने वाली प्राइवेट बस चालक निर्धारित किराया से दोगुना किराया यात्रियों से बेखौफ तरीके से वसूल रहे हैं अवैध तरीके से चलने वाली प्राइवेट बस मालिकों का कहना है कि यातायात पुलिस थाना पुलिस एआरटीओ कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर उन्हें बड़ा हिस्सा देना पड़ता है 45% यातायात व्यवस्था विक्रम अप्पे और ईरिक्शा के सहारे संचालित हो रही है जहां प्राइवेट बस चालक यात्रियों से निर्धारित किराया से दोगुना किराया जबरिया वसूल रहे हैं वही विक्रम अप्पे में मानक के विपरीत अधिक सवारी बैठाकर सवारियों को परेशान किया जा रहा है बिक्रम के अधिकतम चालक नौसिखिया है उनके पास सवारी गाड़ी चलाने का लाइसेंस नहीं है फिर भी बेखौफ तरीके से थाना पुलिस यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों के रहमों करम पर बिना लाइसेंस के चालको के हाथ विक्रम सड़कों पर दौड़ रही हैं जिससे यात्रियों की जान हमेशा जोखिम से भरी रहती है जिसका नतीजा यह होता है कि आए दिन विक्रम दुर्घटनाग्रस्त हो रही है जिससे यात्रियों का परिवार बिखर जाता है यातायात की गंभीर समस्या के समाधान के लिए आला अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधियों ने भी ठोस पहल नहीं की है जिससे जिले की 18 लाख की आबादी यातायात की गंभीर समस्या से जूझ रही है कहने के लिए तो मंझनपुर सराय अकिल सैनी में रोडवेज बस स्टॉप के भवन सरकार ने बनाया है लेकिन सरकारी बसों का संचालन ना किए जाने से रोडवेज का भवन यातायात की व्यवस्था को मुंह चिढ़ा रहा है जिले में अभी तक रेलवे का मुख्य स्टेशन भी नहीं बनाया गया है छोटे-छोटे स्टेशनों में जिन ट्रेनों का स्टॉपेज दिया गया है वह भी पर्याप्त नहीं है पूरे जिले की यातायात व्यवस्था डग्गामार वाहनों के सहारे संचालित हो रही है आखिर कब तक कौशांबी वासियों को डग्गामार वाहनों के सहारे यात्रा करनी पड़ेगी यह परिवहन व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है चौपट यातायात व्यवस्था के बाबत परिवहन विभाग के अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया है लेकिन काफी प्रयास के बाद भी विभाग के अधिकारियों का संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका है।

20 रुपए की जगह मूरतगंज का प्राइवेट बस वसूलती है 40 रुपए

कौशाम्बी। बिना परमिट के अवैध तरीके से बेखौफ मंझनपुर से प्रयागराज को चलने वाली प्राइवेट बस चालक मंझनपुर से मूरतगंज 18 किलोमीटर का 40 रुपए किराया वसूल रहे हैं जबकि मंझनपुर से मूरतगंज का रोडवेज का किराया 20 रुपए है प्राइवेट बस चालकों द्वारा अधिक किराया वसूले जाने से आए दिन यात्रियों से झिकझिक भी होती है लेकिन प्राइवेट बस चालक दोगुना किराया वसूलने के बाद ही यात्रियों को बस में सफर करने देते हैं वरना बीच रास्ते में धक्का मारकर यात्रियों को बस से उतार दिया जाता है जिले की आम जनता योगी सरकार से पूछ रही है कि पुलिसिया परमिट पर चलने वाले प्राइवेट बस चालकों की आखिर कब तक गुंडई जिले में चलती रहेगी।

वर्षों बाद भी नहीं शुरू हो सका करोड़ों की लागत से बना रोडवेज बस स्टॉप

कौशाम्बी। यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के मकसद से 12 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से जनपद मुख्यालय मंझनपुर में योगी सरकार ने रोडवेज बस स्टॉप वर्कशॉप और डिपो का भवन बनवाया है वर्षो पहले रोडवेज भवन का उद्घाटन भी कर दिया गया है लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद भी वर्कशॉप डिपो नहीं संचालित हो सका है बस स्टॉप में भी बसों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है नए बस स्टॉप में शासन द्वारा कर्मचारियों की भी तैनाती नहीं की गई है जिससे 12 करोड़ की लागत से बना रोडवेज का बस स्टॉप वर्कशॉप और डिपो योगी सरकार की व्यवस्था को मुंह चिढ़ा रहा है और हजारो यात्री यातायात की फजीहत से जूझ रहे हैं।

घंटों इंतजार करते रहते हैं यात्री नहीं आती रोडवेज बस

जनपद मुख्यालय मंझनपुर भी रोडवेज बस की समस्या से जूझ रहा है 8 बसों के सहारे मंझनपुर महेवा घाट की यातायात व्यवस्था संचालन का ढिंढोरा रोडवेज के अधिकारी पीट रहे हैं जो पर्याप्त नहीं है जिले के अन्य कस्बे करारी पश्चिम शरीरा चायल मनौरी तिल्हापुर मोड़ सराय अकिल दारानगर कड़ा सिराथू चरवा नेवादा बैरम पुर उद्दिन नारा कौशाम्बी खास पुरखास शमसाबाद सहित विभिन्न कस्बे बाजार रोडवेज बसों के संचालन से पूरी तरह से दूर है रोडवेज विभाग द्वारा चलाई गई बसों से 5% यात्री भी अपनी यात्रा पूरी नहीं कर पाते हैं मंझनपुर मुख्यालय में घंटों खड़े रहने के बाद भी रोडवेज बसे नहीं आती है जिससे मजबूर होकर यात्री प्राइवेट डग्गामार बसें और विक्रम टेंपो अप्पे से यात्रा करने के लिए मजबूर होते हैं तमाम शिकायतों के बाद भी जिले की परिवहन व्यवस्था को सुचारू करने का प्रयास योगी सरकार के अधिकारियों ने अभी तक नहीं किया है जिससे कौशांबी जिले की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है जिसका खामियाजा पूरे दिन बूढ़े बच्चे महिला पुरुष यात्री भुगत रहे है।

सड़कों पर उतारते और चढ़ाते हैं सवारियां

कौशाम्बी। पुलिसिया परमिट पर चलने वाले प्राइवेट विक्रम ई-रिक्शा अप्पे और प्राइवेट बस के चालक इस कदर से बेखौफ है कि उन्हें यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाने में तनिक भय नहीं लगता है तेज रफ्तार से फरार्टा भरने वाले वाहन चालक जगह जगह पर सवारी उतारने और चढ़ाने के चक्कर में डामर सड़क पर अचानक ब्रेक लगाकर गाड़ी खड़ी कर देते हैं जिससे दुर्घटनाएं बढ़ती है जब सड़क पर सवारी चढ़ाने उतारने का किसी यात्री ने विरोध किया तो यह बेखौफ चालक लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो जाते हैं उनका कहना है कि बार-बार सवारी चढ़ाना उतारना पड़ता है और कितनी बार सड़क की पटरी पर वह अपने वाहन को ले जाएं वाहन चालकों के सड़क पर बार-बार अचानक वाहनों को खड़ा कर सवारी चढ़ाने उतारने के चक्कर में पीछे से आने वाले लोग आए दिन दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं लेकिन इस गंभीर बिंदु पर भी वाहन चालकों की नकेल नहीं कसी गई है यातायात नियमों की तमाम जानकारी दिए जाने के बाद भी सड़क पर वाहन खड़ा करने की प्रथा पर रोक नहीं लग सकी है।

नौसिखिया चालकों के चलते आए दिन होती है दुर्घटनाएं

कौशाम्बी। जिले की विभिन्न सड़कों पर बेखौफ तरीके से दौड़ रहे प्राइवेट बस विक्रम टेंपो बिना लाइसेंस के नौसिखिया चालकों के हाथ कमान सौंप दिया जाने के बाद जिले में दुर्घटना का ग्राफ तेजी से बढ़ा है प्रत्येक दिन किसी न किसी क्षेत्र में विक्रम चालकों की लापरवाही के चलते लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं लेकिन उसके बाद भी अवैध तरीके से जिले की सड़कों पर चलने वाले विक्रम चालकों के कागजात की जांच थाना पुलिस यातायात पुलिस और चौकी पुलिस नही कर रही है।

चंद्र रुपए के लालच में गुनाह माफ

कौशांबी। मंझनपुर से प्रयागराज को चलने वाली तीन दर्जन डग्गामार प्राइवेट बस के तमाम गुनाह चंद रुपयों के लालच में यातायात पुलिस और थाना पुलिस ने माफ कर दिया है योगी सरकार ने अवैध डग्गामार वाहन पर पूर्ण रोक लगाने का निर्देश कई महीने पूर्व डीएम एसपी को दिया लेकिन कई महीने पूर्व योगी सरकार द्वारा दिया गया निर्देश कौशांबी में नहीं लागू हो सका है बिना परमिट के डग्गामार वाहन बेखौफ तरीके से पूरे दिन सड़कों पर फरार्टा भर रहे हैं कई थाना और पुलिस चौकियों के सामने से गुजरने वाले इन डग्गामार वाहनों को थाना चौकी पुलिस नहीं रोक रही है अवैध वाहनों से थाना पुलिस यातायात पुलिस चौकी पुलिस के साथ-साथ एआरटीओ कार्यालय पर लगातार वसूली का बदनुमा धब्बा लगा हुआ है।

भरवारी की सवारी को बाईपास पर उतार कर भाग जाती है सरकारी बसें

कौशांबी। निर्धारित बस अड्डे पर सवारी उतारे जाने का परिवहन विभाग के निर्देश के बावजूद रोडवेज की बसें भरवारी बस स्टॉप तक नहीं जाती है बल्कि रोडवेज की बसें बाईपास से निकल जाती हैं और भरवारी कस्बे की सवारियों को बाईपास में उतार दिया जाता है जिससे छोटे-छोटे बच्चे महिलाओं और बूढ़े लोगों को कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है जब कभी भरवारी की सवारी ने बस स्टॉप पर उतरने की बात कही तो ड्राइवर परिचालक सवारियों से नोकझोंक करने लगते हैं और सवारियों को धक्का मार के बाईपास में बस से उतार दिया जाता है आखिर रोडवेज के चालक परिचालक भरवारी कस्बे में बस स्टॉप तक सवारी उतारने क्यों नहीं जाते हैं इस मामले में भी रोडवेज के अधिकारी गंभीर नहीं है और दूसरी चालक परिचालक पर कार्यवाही नहीं होती है जिसका खामियाजा यात्री भुगतते हैं।

विक्रम टेंपो और बस से सिपाही करते हैं वसूली

कौशाम्बी। जिले के विभिन्न सड़कों पर बेखौफ तरीके से फरार्टा भरने वाले बिना परमिट के प्राइवेट बस ओवरलोड सवारी लेकर चलने वाले विक्रम आप से यातायात पुलिस थाना और पुलिस चौकी के सिपाही प्रत्येक महीने एक निर्धारित रकम की वसूली कर रहे हैं वाहनों से अवैध वसूली का खेल दो दशक पूर्व शुरू हुआ है जो सरकार के तमाम निर्देश के बाद भी नहीं बंद हो सका है चंद रुपयों के लालच में अवैध वाहनों के सारे गुनाह माफ है और आला अधिकारियों से लेकर सरकार तक को गुमराह करने से थाना पुलिस बाज नहीं आ रही है।

बिना परमिट की दौड़ती मंझनपुर से प्राइवेट बस

कौशाम्बी। अवैध वाहनों पर कठोर कार्यवाही किए जाने का निर्देश उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अधिकारियों को दिया था निर्देश मिलने के तीन दिनों तक कार्यवाही कर बस संचालन रोक कर शासन को बसों के बंद करने की सूचना भेज दीजिए लेकिन उसके बाद अवैध वाहनों को फिर चलने की छूट दे दी गई है जनपद मुख्यालय मंझनपुर से तीन दर्जन प्राइवेट बसें प्रयागराज तक प्रत्येक दिन संचालित हो रही है इन बसों के पास सवारी ले जाने का परमिट नहीं है लेकिन बिना परमिट के चलने वाले प्राइवेट डग्गामार बसों पर थाना पुलिस यातायात पुलिस चौकी पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी लगातार मेहरबानी बनाए हुए हैं आखिर क्यों अवैध वाहनों के संचालन में योगी सरकार के निर्देश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं यह बड़ी चर्चा का विषय है।

चालक परिचालक का एआरटीओ कार्यालय में नहीं है पंजीयन

कौशाम्बी। प्राइवेट बस से लेकर टेंपो विक्रम में चलने वाले आधे से अधिक चालकों के पास चालक लाइसेंस नहीं है और जिन चालकों के पास लाइसेंस है वह भी निजी वाहन चलाने के हैं कुछ चालकों के पास ही सवारी वाहन चलाने के लाइसेंस है लेकिन उसके बाद भी गलत तरीके से वाहनों को चलाने वाले चालकों पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है विक्रम टेंपो में चलने वाले चालकों की स्थिति इससे भी अधिक खराब है सवारियों से पैसा वसूलने वाले परिचालकों का भी परिवहन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन नहीं है आखिर बिना रजिस्ट्रेशन कराए सवारी वाहनों में कैसे परिचालक यात्रियों से पैसा वसूल रहे हैं और परिवहन विभाग के अधिकारी तमाशबीन बने हुए हैं यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन परिवहन विभाग के अधिकारी इस गंभीर समस्या पर गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं इतना ही नहीं निजी वाहनों में चलने वाले चालक परिचालक के पास वर्दी भी नहीं है जबकि प्राइवेट वाहनों में भी चालक परिचालक को वर्दी में रहने का निर्देश सरकार ने दिया है सब कुछ अंधेर गर्दी की तरह चल रहा है और परिवहन विभाग के अधिकारी केवल तमाशबीन बने हुए हैं परिवहन विभाग के अधिकारियों को बालू गिट्टी के ओवरलोड वाहनों से अवैध वसूली से फुर्सत नहीं मिल पाती है जिससे प्राइवेट वाहनों के गुनाहों पर कार्यवाही नहीं हो पाती।

डग्गामार वाहन पर योगी के निर्देश की उड़ती धज्जियां

कौशांबी। डग्गामार वाहनों पर कठोर कार्रवाई किए जाने का निर्देश भले योगी सरकार बार-बार दे रही हो लेकिन कौशांबी जिले में डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही किए जाने का योगी सरकार का निर्देश लागू नहीं हो सका है बेखौफ तरीके से सड़कों पर वाहन खड़ा कर सवारी भरी जाती है बिना परमिट के वाहन चलते हैं बिना लाइसेंस के चालक सड़कों पर फरार्टा भर रहे हैं लेकिन उसके बाद भी एआरटीओ अवैध वाहनों पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं आखिर एआरटीओ का अवैध वाहन चालकों से क्या रिश्ता है यह बड़ी जांच का विषय है हालाकी वाहन चालक परिवहन बिभाग पर भी वसूली का आरोप लगा रहे हैं जिसे एआरटीओ खारिज कर रहे है ल

संपादकीय

देश को हीरा दे गोलोक गई हीराबा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी की मां श्रीमती हीरा बा अब नश्वर शरीर को छोड़कर परम धाम चली गई हैं । एक प्रधानमंत्री की मां होने के बावजूद उन्होंने बहुत साधारण जीवन जिया । जब नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री थे तब भी हीराबेन एक साधारण महिला की तरह ही जीती थी और जब वें प्रधानमंत्री बन गए तब भी उनकी जीवन शैली में कोई खास फर्क नहीं आया । एक जमीन से जुड़ी, संघर्षशील, अपनी संतानों के प्रति स्नेह से ओतप्रोत अपनी दिनचर्या के सब काम खुद करने वाली, संघर्षों में अपने पति का कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने वाली, बेटे के युवावस्था में ही संन्यास लेने या घर छोड़कर जाने के निर्णय पर अपने पति को मनाने वाली, हीराबेन अगले वर्ष 18 जून को 100 साल पूरे कर चुकी होती लेकिन 30 दिसंबर को लगभग 6 महीने पहले ही ईश्वर ने उन्हें अपने पास बुला लिया ।

यह मां के ही संस्कार रहे होंगे कि नरेंद्र दामोदरदास मोदी भले ही सूट दस लाख का पहनते हों मगर मां के सामने जाकर नतमस्तक हो जाते थे, उनके चरण छूते थे, उनकी बनाई खिचड़ी खाते थे, और अपने जीवन को संवारने के लिए हमेशा अपनी मां का शुक्रिया अदा करते रहे । 29 दिसंबर को ही वें अहमदाबाद में उन्हें देखने भी गए और जब लगा कि मां ठीक हो जाएंगी तो वापस आ गए लेकिन मां अगले ही दिन सभी बीमारियों से मुक्त होकर गोलोक वासी हो गई । नरेंद्र दामोदरदास मोदी भले ही देश के लिए प्रधानमंत्री हैं, दुश्मनों एवं राजनीतिक विरोधियों के लिए कट56 ईंच का सीना रखते हो मगर जब मां की बात आती तो वें हमेशा भावुक ही दिखाई दिए । अपने ब्लॉग में उन्होंने अपनी मां पर बहुत विस्तार से लिखा है उसी के कुछ अंश हीराबेन उर्फ हीरा बा को श्रद्धांजलि रूप में यहां उद्धृत कर रहा हूं। मां , ये सिर्फ एक शब्द नहीं है। जीवन की ये वो भावना होती है जिसमें स्नेह, धैर्य, विश्वास, कितना कुछ समाया होता है। दुनिया का कोई भी कोना हो, कोई भी देश हो, हर संतान के मन में सबसे अनमोल स्नेह मां के लिए होता है। मां, सिर्फ हमारा शरीर ही नहीं गढ़ती बल्कि हमारा मन, हमारा व्यक्तित्व, हमारा आत्मविश्वास भी गढ़ती है। और अपनी संतान के लिए ऐसा करते हुए वो खुद को खपा देती है, खुद को भुला देती है। अपनी मां के 100 वें वर्ष में प्रवेश करने पर नरेंद्र मोदी लिखते हैं "आज मैं अपनी खुशी, अपना सौभाग्य, आप सबसे साझा करना चाहता हूं। मेरी मां, हीराबा आज 18 जून को अपने सौवें वर्ष में प्रवेश कर रही हैं। यानि उनका जन्म शताब्दी वर्ष प्रारंभ हो रहा है। पिताजी आज होते, तो पिछले सप्ताह वो भी 100 वर्ष के हो गए होते। यानि 2022 एक ऐसा वर्ष है जब मेरी मां का जन्मशताब्दी वर्ष प्रारंभ हो रहा है और इसी साल मेरे पिताजी का जन्मशताब्दी वर्ष पूर्ण हुआ है। पिछले ही हफ्ते मेरे भतीजे ने गांधीनगर से मां के कुछ वीडियो भेजे हैं। घर पर सोसायटी के कुछ नौजवान लड़के आए हैं, पिताजी की तस्वीर कुर्सी पर रखी है, भजन कीर्तन चल रहा है और मां मगन होकर भजन गा रही हैं, मंजीरा बजा रही हैं। मां आज भी वैसी ही हैं। शरीर की ऊर्जा भले कम हो गई है लेकिन मन की ऊर्जा यथावत है। वैसे हमारे यहां जन्मदिन मनाने की कोई परंपरा नहीं रही है। लेकिन परिवार में जो नई पीढ़ी के बच्चे हैं उन्होंने पिताजी के जन्मशती वर्ष में इस बार 100 पेड़ लगाए हैं।" एक बेटा अपनी मां को किस नजरिए से देखता है इसे मोदी के ब्लॉग से समझा जा सकता है मेरी मां जितनी सामान्य हैं, उतनी ही असाधारण भी। ठीक वैसे ही, जैसे हर मां होती है। आज जब मैं अपनी मां के बारे में लिख रहा हूं, तो पढ़ते हुए आपको भी ये लग सकता है कि अरे, मेरी मां भी तो ऐसी ही हैं, मेरी मां भी तो ऐसा ही किया करती हैं। ये पढ़ते हुए आपके मन में अपनी मां की छवि उभरेगी। मां की तपस्या, उसकी संतान को, सही इंसान बनाती है। मां की ममता, उसकी संतान को मानवीय संवेदनाओं से भरती है। मां एक व्यक्ति नहीं है, एक व्यक्तित्व नहीं है, मां एक स्वरूप है। हमारे यहां कहते हैं, जैसा भक्त वैसा भगवान। वैसे ही अपने मन के भाव के अनुसार, हम मां के स्वरूप को अनुभव कर सकते हैं। मां हीरबा के जीवन वृत्त का सार संक्षेप इस तरह लिखा है "नरेंद्र मोदी ने अपने ब्लॉग में "मेरी मां का जन्म, मेहसाणा जिले के विसनगर में हुआ था। वडनगर से ये बहुत दूर नहीं है। मेरी मां को अपनी मां यानि मेरी नानी का प्यार नसीब नहीं हुआ था। एक शताब्दी पहले आई वैश्विक महामारी का प्रभाव तब बहुत वर्षों तक रहा था। उसी महामारी ने मेरी नानी को भी मेरी मां से छीन लिया था। मां तब कुछ ही दिनों की रही होंगी। उन्हें मेरी नानी का चेहरा, उनकी गोद कुछ भी याद नहीं है। आप सोचिए, मेरी मां का बचपन मां के बिना ही बीता, वो अपनी मां से जिद नहीं कर पाईं, उनके आंचल में सिर नहीं छिपा पाईं। मां को अक्षर ज्ञान भी नसीब नहीं हुआ, उन्होंने स्कूल का दरवाजा भी नहीं देखा। उन्होंने देखी तो सिर्फ गरीबी और घर में हर तरफ अभाव। उनके बचपन को अपनी लेखनी से नरेंद्र मोदी इस तरह प्रस्तुत करते हैं "हम आज के समय में इन स्थितियों को जोड़कर देखें तो कल्पना कर सकते हैं कि मेरी मां का बचपन कितनी मुश्किलों भरा था। शायद ईश्वर ने उनके जीवन को इसी प्रकार से गढ़ने की सोची थी। आज उन परिस्थितियों के बारे में मां सोचती हैं, तो कहती हैं कि ये ईश्वर की ही इच्छा रही होगी। लेकिन अपनी मां को खोने का, उनका चेहरा तक ना देख पाने का दर्द उन्हें आज भी है। बचपन के संघर्षों ने मेरी मां को उम्र से बहुत पहले बड़ा कर दिया था। वो अपने परिवार में सबसे बड़ी थीं और जब शादी हुई तो भी सबसे बड़ी बहू बनीं। बचपन में जिस तरह वो अपने घर में सभी की चिंता करती थीं, सभी का ध्यान रखती थीं, सारे कामकाज की जिम्मेदारी उठाती थीं, वैसे ही जिम्मेदारियां उन्हें ससुराल में उठानी पड़ीं। इन जिम्मेदारियों के बीच, इन परेशानियों के बीच, मां हमेशा शांत मन से, हर स्थिति में परिवार को संभाले रहीं। वडनगर के जिस घर में हम लोग रहा करते थे वो बहुत ही छोटा था। उस घर में कोई खिड़की नहीं थी, कोई बाथरूम नहीं था, कोई शौचालय नहीं था। कुल मिलाकर मिट्टी की दीवारों और खपरैल की छत से बना वो एक-डेढ़ कमरे का ढांचा ही हमारा घर था, उसी में मां-पिताजी, हम सब भाई-बहन रहा करते थे। उस छोटे से घर में मां को खाना बनाने में कुछ सहूलियत रहे इसलिए पिताजी ने घर में बांस की फट्टी और लकड़ी के पटरों की मदद से एक मचान जैसी बनवा दी थी। वही मचान हमारे घर की रसोई थी। मां उसी पर चढ़कर खाना बनाया करती थीं और हम लोग उसी पर बैठकर खाना खाया करते थे। सामान्य रूप से जहां अभाव रहता है, वहां तनाव भी रहता है। मेरे माता-पिता की विशेषता रही कि अभाव के बीच उन्होंने घर में कभी तनाव को हावी नहीं होने दिया। दोनों ने ही अपनी-अपनी जिम्मेदारियां साझा की हुईं थीं। मां समय की पाबंद थीं। उन्हें भी सुबह 4 बजे उठने की आदत थी। सुबह-सुबह ही वो बहुत सारे काम निपटा लिया करती थीं। गेहूं पीसना हो, बाजरा पीसना हो, चावल या दाल बीनना हो, सारे काम वो खुद करती थीं। काम करते हुए मां अपने कुछ पसंदीदा भजन या प्रभातियां गुनगुनाती रहती थीं। नरसी मेहता जी का एक प्रसिद्ध भजन है जलकमल छांडी जाने बाला, स्वामी अमारो जागशे वो उन्हें बहुत पसंद है।

गुरु गोविन्द सिंह-हिन्दू धर्म और संस्कृति के रक्षक

ललित गर्ग

भारत की रत्नगर्भा माटी में जन्मे संतपुरुषों, गुरुओं एवं महामनीषियों की श्रृंखला में एक महापुरुष हैं गुरु गोविन्द सिंह। जिनकी दुनिया के महान तपस्वी, महान कवि, महान योद्धा, महान संत सिपाही साहिब आदि स्वरूपों में पहचान होती है। दुनिया में देश व धर्म की रक्षार्थ अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुष तो अनेक मिलेंगे किन्तु अपनी तीन पीढ़ियों, बल्कि यों कहें कि अपने पूरे वंश को इस पुनीत कार्य हेतु बलिदान करने वाले विश्व में शायद एकमेव महापुरुष गुरु गोविन्द सिंहजी ही है। जिन्होंने त्याग, बलिदान एवं कर्तृत्ववाद का संदेश दिया। भाग्य की रेखाएं स्वयं निर्मित की। स्वयं की अनन्त शक्तियों पर भरोसा और आस्था जागृत की। सभ्यता और संस्कृति के प्रतीकपुरुष के रूप में जिन्होंने एक नया जीवन-दर्शन दिया, जीने की कला सिखलाई। जिनको बहुत ही श्रद्धा व प्यार से कलगीयां, सरबंस दानी, नीले वाला, बाला प्रीतम, दशमेश पिता आदि नामों से पुकारा जाता है। भारत में फैली दहशत, डर और जनता का हारा हुआ मनोबल देखकर उन्होंने कहा ह्यह्यमैं एक ऐसे पंथ का सृजन करूँगा जो सारे विश्व में विलक्षण होगा। जिससे मेरे शिष्य संसार के असंख्य लोगों में पहली ही नजर में पहचाने जा सकेंगे। जैसे हिरनों के झुंड में शेर और बगुलों के झुंड में हंस। वह केवल बाहर से अलग न दिखे बल्कि आंतरिक रूप में भी ऊँचे, साहसी और सच्चे विचारों वाले हो। सारे जगत में खालसा पंथ की गूंज करने वाले, हिन्दू धर्म के रक्षक-उद्धारक, मुगलों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने वाले श्री गुरु गोविन्द सिंहजी का जन्म संवत 1723 विक्रम की पौष सुदी सप्तमी को हुआ। उनके पिता गुरु तेगबहादुर उस समय अपनी पत्नी गुजरी तथा कुछ शिष्यों के साथ पूर्वी भारत की यात्रा पर थे। अपनी गर्भवती पत्नी और कुछ शिष्यों को पटना छोड़कर वे असम रवाना हो गये थे। वहीं उन्हें पुत्र प्राप्ति का शुभ समाचार मिला। बालक गोविन्द सिंह के जीवन के प्रारंभिक 6 वर्ष पटना में ही बीते। अपने पिता के बलिदान के समय गुरु गोविन्द सिंह की आयु मात्र 9 वर्ष की थी। इतने कम उम्र में गुरु पद पर आसीन होकर उन्होंने गुरु पद को अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से और भी गौरवान्वित किया। अपने नाम के तीनों

शब्द ह्यगुरुह्न, ह्यगोविन्दह्न एवं ह्यसिंहह्न को शब्दशः चरितार्थ कर देश, धर्म, संस्कृति, इतिहास एवं स्वाभिमान की रक्षार्थ ज्ञान के भण्डार के रूप में एक श्रेष्ठ गुरु, ईश्वर की राह के पथ प्रदर्शक तथा सिंह गर्जना के साथ शत्रुओं के छक्के छुड़ा देने वाले गुरु गोविन्द सिंहजी यदि नहीं होते तो मुगलों के अत्याचार के विवश समस्त हिन्दू समाज इस्लाम धर्म स्वीकार कर अपनी संस्कृति, स्वधर्म, स्वराज एवं स्वाभिमान को सदा के लिये तिलांजलि दे चुका होता। श्री गुरु गोविन्द सिंहजी शासक होकर भी उनकी नजर में सत्ता से ऊंचा स्वराष्ट्र, स्व-अस्तित्व, समाज एवं मानवता का हित सर्वोपरि था। यूं लगता है वे हिन्दू जीवन-दर्शन के पुरोधा बन कर आए थे। उनका अथ से इति तक का पुरा सफर हिन्दू धर्म की रक्षा, पुरुषार्थ एवं शौर्य की प्रेरणा है। वे सम्राट भी थे और संन्यासी भी। आज उनका सम्पूर्ण व्यक्तित्व और कर्तृत्व सिख इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। उन्हें हम तमस से ज्योति की ओर एक यात्रा एवं मानवता के अभ्युदय के सूर्योदय के रूप में देखते हैं। गुरु गोविन्द सिंह बचपन से ही बहुत पराक्रमी व प्रसन्नचित व्यक्तित्व के धनी थे। उन्हें सिपाहियों का खेल खेलना बहुत पसंद था। बालक गोविन्द बचपन में ही जितने बुद्धिमान थे उतने ही अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए किसी से भी लोहा लेने में पीछे नहीं हटते थे। वे एक कुशल संगठक थे। दूर-दूर तक फैले हुए सिख समुदाय को ह्यहुक्मनामेह्न भेजकर, उनसे धन और अस्त्र-शस्त्र का संग्रह उन्होंने किया था। एक छोटी-सी सेना एकत्र की और युद्ध नीति में उन्हें कुशल बनाया। उन्होंने सुदूर प्रदेशों से आये कवियों को अपने यहाँ आश्रय दिया। यद्यपि उन्हें बचपन में अपने पिता श्री गुरु तेगबहादुरजी से दूर ही रहना पड़ा था, तथापि तेगबहादुरजी ने उनकी शिक्षा का सुव्यवस्थित प्रबंध किया था। साहेबचंद खत्रीजी से उन्होंने संस्कृत एवं हिन्दी भाषा सीखी और काजी पीर मुहम्मदजी से उन्होंने फारसी भाषा की शिक्षा ली। कश्मीरी पंडित कृपारामजी ने उन्हें संस्कृत भाषा तथा गुरुमुखी लिपि में लेखन, इतिहास आदि विषयों के ज्ञान के साथ उन्हें तलवार, बंदूक तथा अन्य शस्त्र चलाने व घुड़सवारी की भी शिक्षा दी थी। श्री गोविन्द सिंहजी के हस्ताक्षर अत्यंत सुन्दर थे। वे चित्रकला में पारंगत थे। सिराद-एक प्रकार का तंतुवाद्य, मृदंग और छोटा तबला बजाने में वे अत्यंत कुशल थे। उनके काव्य में ध्वनि नाद और ताल का सुंदर संगम हुआ है। इस तरह गुरु गोविन्द सिंह कला, संगीत, संस्कृति एवं साहित्यप्रेमी थे। जैसाकि खुद गुरु गोबिंद सिंह ने कहा था, कि जब-जब अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान मानव देह का धारण कर

> ऐसे समय में कश्मीर प्रांत से पाँच सौ ब्राह्मणों का एक जत्था गुरु तेगबहादुरजी के पास पहुँचा। पंडित कृपाराम इस दल के मुखिया थे। कश्मीर में हिन्दुओं पर जो अत्याचार हो रहे थे, उनसे मुक्ति पाने के लिए वे गुरुजी की सहानुभूति व मार्गदर्शन प्राप्ति के उद्देश्य से आये थे। गुरु तेगबहादुर उन दु:खीजनों की समस्या सुन चिंतित हुए। बालक गोविन्द ने सहज एवं साहस भाव से इस्लाम धर्म स्वीकार न करने की बात कही। बालक के इन निर्भीक व स्पष्ट वचनों को सुनकर गुरु तेगबहादुर का हृदय गद्गद् हो गया। उन्हें इस समस्या का समाधान मिल गया

पीड़ितों व शोषितों के दुख हरने के लिए आते हैं। औरंगजेब के अत्याचार चरम सीमा पर थे। दिल्ली का शासक हिन्दू धर्म तथा संस्कृति को समाप्त कर देना चाहता था। हिन्दुओं पर जजिया कर लगाया गया साथ ही हिन्दुओं को शस्त्र धारण करने पर भी प्रतिबन्ध लगाया गया था। ऐसे समय में कश्मीर प्रांत से पाँच सौ ब्राह्मणों का एक जत्था गुरु तेगबहादुरजी के पास पहुँचा। पंडित कृपाराम इस दल के मुखिया थे। कश्मीर में हिन्दुओं पर जो अत्याचार हो रहे थे, उनसे मुक्ति पाने के लिए वे गुरुजी की सहानुभूति व मार्गदर्शन प्राप्ति के उद्देश्य से आये थे। गुरु तेगबहादुर उन दुःखीजनों की समस्या सुन चिंतित हुए। बालक गोविन्द ने सहज एवं साहस भाव से इस्लाम धर्म स्वीकार न करने की बात कही। बालक के इन निर्भीक व स्पष्ट वचनों को सुनकर गुरु तेगबहादुर का हृदय गद्गद् हो गया। उन्हें इस समस्या का समाधान मिल गया। उन्होंने कश्मीरी पंडितों से कहा-ह्यह्यआप औरंगजेब को संदेश भिजवा दें कि यदि गुरु तेगबहादुर इस्लाम स्वीकार लेंगे, तो हम सभी इस्लाम स्वीकार कर लेंगेह्न और फिर दिल्ली में गुरुजी का अमर बलिदान हुआ जो हिन्दू धर्म की रक्षा के महान अध्याय के रूप में भारतीय इतिहास में अंकित हो गया।

गुरु गोबिंद सिंहजी एक साहसी योद्धा के साथ-साथ एक अच्छे कवि भी थे। इन्होंने बेअंत वाणी के नाम से एक काव्य ग्रंथ की रचना की। इस ग्रंथ की रचना करने का गोविन्दजी का मुख्य उद्देश्य पंडितों, योगियों तथा संतों के मन को एकाग्र करना था। इनके पिता श्री गुरु तेग बहादुरजी ने तथा इन्होंने मुगल शासकों के विरुद्ध काफी युद्ध लड़े थे। जिन युद्धों में इनके पिता जी शहीद हो गये थे। श्री तेगबहादुरजी के शहीद होने के बाद ही सन 1699 में गुरु गोविन्द सिंहजी को दशवें गुरु का दर्जा दिया गया था। गुरु गोविन्द सिंहजी ने युद्ध लड़ने के लिए कुछ अनिवार्य ककार धारण करने की घोषणा भी की थी। सिख धर्म के ये पांच क-कार हैं- केश, कडा, कंघा, कच्छा और कटार। ये शौर्य, शुचिता तथा अन्याय के विरुद्ध संघर्ष के संकल्प के प्रतीक है। इस प्रकार गुरु गोविन्द सिंहजी का जीवन एक कर्मवीर की तरह था। भगवान श्रीकृष्ण की तरह उन्होंने भी समय को अच्छी तरह परखा और तदनुसार कार्य आरम्भ किया। उनकी प्रमुख शिक्षाओं में ब्रह्मचर्य, नशामुक्त जीवन, युद्ध-विद्या, सदा शस्त्र पास रखने और हिम्मत न हारने की शिक्षाएँ मुख्य हैं। उनकी इच्छा थी कि प्रत्येक भारतवासी सिंह की तरह एक प्रबल प्रतापी जाति में परिणत हो जाये और भारत का उद्धार करें। गुरु गोविन्द सिंह जैसे महापुरुष इस धरती पर आये जिन्होंने सबको बदल देने का दंभ तो नहीं भरा पर अपने जीवन के साहस एवं शौर्य से डर एवं दहशत की जिन्दगी को विराम दिया। काश! आज हम ऐसे महापुरुषों के जीवन को अपने जीवन में जीवन्त बना पाते और जब अपने आपसे पूछते-अन्धेरे और आतंक की उम्र कितनी? तो शायद हमारा उत्तर होता-जागने में समय लगे उतनी।

चंडीगढ़ : नाम बड़े दर्शन छोटे

निर्मल रानी

राजधानी दिल्ली में पिछले दिनों संघ राज्य क्षेत्रों के सम्मेलन का आयोजन किया गया। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस सम्मलेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संघ राज्य क्षेत्रों को देश के बाकी हिस्सों के लिए सुशासन और विकास का मॉडल बनाने के वीजन को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में संघ राज्य क्षेत्रों को देश के लिए रोल मॉडल बनाने की जरुरत पर जोर देते हुए कहा कि यदि संघ राज्य क्षेत्रों की क्षमता का पूरी तरह से दोहन किया जाए, तो भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में संघ राज्य क्षेत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इस सम्मलेन में केंद्र शासित प्रदेशों के विकास तथा उनकी क्षमताओं को लेकर तथा पर्यटकों को और अधिक आकर्षित करने और परिवहन आदि की लागत को कम करने के लिए देश में पर्यटक सर्किट विकसित किए जाने जैसी और भी कई मत्वपूर्ण बातें की गयीं। केंद्र शासित प्रदेशों के लिये आम तौर पर एक राष्ट्रव्यापी धारणा यह बनी हुई है कि केंद्र सरकार के अधीन होने के नाते यहां का प्रशासन आम तौर पर चुस्त दुरुस्त रहता है। कानून व्यवस्था,ट्रैफिक साफ-सफाई,पर्यावरण,रिहायशी प्रबंधन आदि सब कुछ बेहतर रहता है। तो क्या वास्तव में केंद्र शासित प्रदेश वैसे ही होते हैं जैसा कि उनके बारे में कल्पना की जाती है ? आइये यह समझने के लिये राजधानी दिल्ली से मात्र 250 किलोमीटर की दूरी पर स्थित देश के सबसे सुव्यवस्थित समझे जाने वाले केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की कुछ वास्तविकताओं पर नजर डालते हैं। सिटी ब्यूटीफुल के नाम से मशहूर चंडीगढ़ निश्चित रूप से चारों ओर हरियाली से हरा भरा केंद्र शासित प्रदेश है। स्विस फ्रेंच आर्केटिक्ट ले करबुसिएर द्वारा सेक्टर आधारित नक़्शे पर हिमाचल प्रदेश की तलहटी में बसाया गया चंडीगढ़, सफाई व जल निकासी के लिये भी पूरे देश में मशहूर है। परन्तु इसी महानगर की प्रशासनिक,ट्रैफिक,स्वछता व विद्युत विभाग सम्बन्धी कई वास्तविकताएं ऐसी भी हैं जो कि चंडीगढ़ के सिटी ब्यूटीफुल होने के दावे को झुठलाती भी हैं। इन दिनों पूरे चंडीगढ़ में जगह जगह आवारा पशुओं का साम्राज्य है। मुख्य मार्ग पर घने ट्रैफिक के बीच लावारिस जानवरों का कब्जा,सांडों का युद्ध राहगीरों का जख़्मी होना यह आम बात बन चुकी है। मुख्य मार्गों से दायें-बायें मुड़ते ही प्रदूषण फैलाते कूड़े के बदबूदार ढेर,उनमें बैठे जानवर,ट्रैफिक की लंबी लाइनें,और बरसात के दिनों में भूमिगत ड्रेनेज व्यवस्था का फेल हो जाना आदि चंडीगढ़ के सिटी ब्यूटीफुल होने के दावे की हवा निकालता रहता है। इसी तरह चंडीगढ़ का बिजली विभाग जहां अपनी कार्य कुशलता के दावे करता है वहीँ इसकी हकीकत भी कुछ और ही है।चंडीगढ़ में दर्जनों झुग्गी बस्तियां ऐसी हैं जहाँ प्रशासन की नाक के नीचे कई वर्षों से कंटिया लगा कर चोरी की बिजली जलाई जा रही है। यह काम रात के अँधेरे में नहीं बल्कि दिन के उजाले में किया जाता है। विद्युत विभाग खामोश बना हुआ है। कुछ सरकारी शौचालय तक चोरी की बिजली जला रहे हैं क्योंकि बिल न जमा करने की वजह से उनके कनेक्शन काट दिये गये हैं। गत दिनों तो चंड़ीगढ़ विद्युत विभाग से जुड़ी एक ऐसी घटना की जानकारी मिली जिसने विभाग की लापरवाही,निठल्लेपन तथा गैर जिम्मेदारी की पोल खोल कर रख दी। चंड़ीगढ़ रामदरबार में माता राम बाई ट्रस्ट नामक एक प्रसिद्ध सूफी धर्मस्थान है। किसी समय यहां टी एन चतुवेर्दी व श्री बनर्जी जैसे आला प्रशासक व फिल्म जगत की अनेक बड़ी हस्तियां अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने आया करते थे। लगभग पांच एकड़ से बड़े क्षेत्र में फैले इस स्थान की परिधि में दशकों पूर्व चंड़ीगढ़ विद्युत विभाग ने अपनी सुविधानुसार बिजली के कई खम्बे लगाकर दूसरी दिशा में विद्युत आपूर्ति की थी। अब समय अनुसार दरबार कैम्पस में जो निर्माण कार्य चल रहा है उसमें दरबार की परिधि में लगे हुए वह अवांछित खंबे बाधा साबित हो रहे हैं। इस सम्बन्ध में लगभग चार वर्ष पूर्व माता राम बाई ट्रस्ट द्वारा दरबार से अवांछित खम्बों को दरबार की परिधि से बाहर करने का निवेदन पत्र दिया गया। इसके बाद इन विगत लगभग चार वर्षों के दौरान चंड़ीगढ़ विद्युत विभाग डिवीजन 5 के कई बड़े एक्स इ एन व एस डी ओ आदि ने बड़ी ही तत्परता से मौके का दौरा करना शुरू किया। अधिकारियों की मीठी बोली व उनके आश्वासनों से हर बार ऐसा लगता जैसे बस एक ही दो दिन में सभी खंबे बाहर निकल जायेंगे। परन्तु अधिकारियों की भागदौड़ का पिछले वर्ष परिणाम यह निकला कि खंबे हटाने के बजाये चंड़ीगढ़ विद्युत विभाग ने इन खंबों को हटाने की पेशगी कीमत का एक लाख बाईस हजार रुपए का इस्टीमेट दरबार को भेज दिया।

जबकि दूसरी तरफ कुछ विभागीय अधिकारियों का यह भी कहना है कि चंड़ीगढ़ विद्युत विभाग को अपने खर्च पर ही यह काम करना चाहिये। दरबार ने चंड़ीगढ़ विद्युत विभाग के निदेर्शानुसार 1,22,919 रुपए का डिमांड ड्राफ़्ट एस डी ओ,डिवीजन 5 के नाम बनवाकर 29 मार्च 2022 को जमा भी कर दिया। इसके बाद शुरू हुई टेंडर की वह अंतहीन प्रक्रिया जो कि गत दस महीनों से अभी तक पूरी ही नहीं हो पा रही। इधर दरबार अपने वार्षिक आयोजन के लिये तैयार है। खबरों के अनुसार कई बार टेंडर खारिज हो चुके हैं। ठेकदार भी काम छोड़ कर भाग चुके हैं। एक ठेकेदार ने ठेका एलाट होने के बाद काम शुरू भी किया तो वह भी लगभग 5-6 फुट गहरी और करीब 40 फुट लंबी एक खाई खोद कर काम छोड़ कर चला गया। इन दिनों वह खाई दो महीने से लंबे समय से खुदी पड़ी है।

सवाल यह है कि जिस केंद्र शासित प्रदेश में चार साल से आवेदन व एक वर्ष से पैसे जमा करवाने के बावजूद कोई कार्रवाई न होती हो, फिर आखिर बकौल केंद्रीय गृह मंत्री वे संघ राज्य क्षेत्र अपनी विरासत पर आखिर कैसे गर्व करें ? ऐसे अनेक घटनाओं से तो यही पता चलता है कि चंडीगढ़ सिटी ब्यूटीफुल कम,नाम बड़े दर्शन छोटे की कहावत को अधिक चरितार्थ कर रहा है।

रूस-यूक्रेन को युद्ध से हासिल हुई बर्बादी

संजीव

युद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। रूस और यूक्रेन युद्ध कि कइ दिनों से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं है' रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया है' रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है,अनेकों माह से ज्यादा के युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया है' यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है. यूक्रेन के 1करोड़40लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 बाजार सैनिक युद्ध में मारे गए है।यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय,कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं। रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बबार्दी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है' मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं। यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके,पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर,शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमेरिका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और ना ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफ किसी तरह की जंग ही की है ,केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है। यह आलेख लिखते तक रूस ने कीव पर कब्जा भी कर लिया होगा और उसके समस्त एयर बेस सैनिक अड्डों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन का एयर डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि रूस ने सभी सैनिक हवाई अड्डों पर रॉकेट लॉन्चर दाग कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है, यूक्रेन के लगभग 40 सैनिकों को मार भी गिराया है, इसमें 10 निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। रूस ने दावा किया था कि वह नागरिक ठिकानों पर बमबारी नहीं करेंगा पर मिसाइल तथा गोलियां सैनिकों तथा नागरिकों को अलग-अलग नहीं पहचानती है, और यही वजह है कि सैनिकों के साथ नागरिक भी मारे गए। वर्ष 1914 में यूक्रेन से रूस ने क्रीमिया को अलग कर अपने अधिपत्य में ले लिया था। रूस का कहना है कि अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देश यूक्रेन को एक न्यू क्लियर सामरिक अड्डा रूस के खिलाफ बनाने की तैयारी कर चुके हैं, और इन सभी देशों के साथ यूक्रेन भी रूस की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत बड़ा खतरा बन गया है। यूक्रेन पर अमेरिकी प्रशासन का पूरा पूरा नियंत्रण है, यूक्रेन प्रशासन केवल कठपुतली मात्र है। इसे संचालित करने वाला अमेरिका तथा ब्रिटेन ही है। यूक्रेन लगातार नाटो देश की सदस्यता के लिए प्रयास करता रहा है और अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन नाटो देश का सदस्य बन कर रूस के खिलाफ एक सामरिक अड्डे की तरह उनके काम आए। तत्कालिक कारणों में रूप द्वारा गैस तथा तेल के लिए बिछाई गई पाइप लाइन जो जर्मन तक गैस तथा तेल पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ थी। जर्मन एक बहुत बड़ा तेल तथा गैस का बाजार है, यहां से सारे यूरोप में आर्थिक गतिविधि शुरू होकर गैस तथा तेल की सप्लाई की जाती है जो कि एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है

यह गैस पाइपलाइन यूक्रेन के क्षेत्र से होकर जनवरी तक जाती है। इससे नाटो देश को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान की संभावना भी है।

ऊपर से नीचे तक नंगे हैं

डॉ. सुरेश कुमार

गोबर सहमा हुआ है। एक कोना में देवाल से चिपका जा रहा थ और भड़काऊ नेता जी एक होर्डिंग हाथ में लिये उसे बार-बार डाँट रहे थे। भड़काऊ नेता गुरार्या अबे बोलता काहे नहीं है? का एहि परचार करने के लिए कहे थे हम्म? गोबर ने घबराते हुए कहा- ऊ का है न नेता जी आपने अपने एरिया के जो विकास बताए थे, वो मझे कहीं दिखा नहीं, इसलिए जो लगा ओ ही कह दिया... का लगा के हरिश्चंदर की औलाद? जो लगेगा वही कह देगा? अब तुम से झूठ कहलाने की खातिर एरिया को स्वर्ग बना दें। महंगा कोट पहने मंत्री जी ने शोरगुल सुना तो रिश्वत से भरी अटैची काँख में धरे वहाँ पहुँचे झ ई सब का है रे चोट्टा नेतवा? काहे कोहराम मचाये हो?

नेता होर्डिंग का डंडा गोबर के पेट में कोंचते हुए गरजा झ इसी से पूछिए मंतरी जी, सुनिए अपने एरिया के बारे में क्या बकौती कर आया है। मंत्री ने गोबर से पूरा मामला जाना और उससे एरिया के बारे में फिर वही बात कहने के लिए कहा। गोबर कहने लगा एरिया में जहाँ-तहाँ नाला बहत है। सुअरन का राज है। कुकुरन का मौज है। मुंसिपल का बड़का नाली मंतरी जी अपने घरवा के पास लगइलन बाटी। रोसनी

फटाफट खबरें

संतरीता कालेज से चोरों ने चुराई 40 हजार का माल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने बुलंद हौसलों के चलते संतरीता कालेज में घुसकर 40 हजार कीमत के लोहे के जाल पार कर दिये। पहले भी चोरों ने 26 सितम्बर को इसी विद्यालय का ताला तोडकर बच्चों के खेलने का 40 हजार का सामान चोरी किया था।

चोरी की ये घटना मानिकपुर थाना क्षेत्र के महावीर नगर में मंगलवार की रात हुई। बताया गया कि संतरीता कालेज में चोरों ने निर्माण कार्य को आई लोहे की 12 जालियां चुरा ले गये। बुधवार को सवेरे स्कूल खुलने पर कालेज के प्रधानाचार्य फादर सुसाई ने मानिकपुर कोतवाली में तहरीर दी।

पीड़ित ने तहरीर में चोरों को जल्द पकडने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पहले भी कालेज से चोरी हुई है। पुलिस में शिकायत की गई थी, लेकिन पुलिस चोरों को पकडने में नाकाम रही। इस बार दूसरी बार हुई चोरी की पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। इस बाबत पुलिस ने बताया कि चोरी की बाबत स्कूल प्रशासन से तहरीर मिली है।

सगवारा ने 69 रनों से मैच जीतकर सुपर छह में किया प्रवेश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। स्व डॉ महेन्द्र सिंह की पुण्य स्मृति में बरवारा चैलेंज कप सुपर टेन का अन्तिम मुकाबला सगवारा व बरवारा के बीच हुआ। बरवारा की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग की।

बुधवार को सगवारा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर के खेल में नौ विकेट खोकर 176 रन बनाये। बल्लेबाज रोहित ने 27 गेंदों में 41 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बरवारा की पूरी टीम 14.1 ओवर के खेल में 108 रनों पर आलआउट हो गई। बल्लेबाज मोहित पाण्डेय ने 19 गेदों में 29 रन और कमल उपाध्याय ने 12 गेंदों में 15 रन बनाये। ये मैच सगवारा ने 69 रनों से जीतकर सुपर छह में प्रवेश किया। मैन आफ द मैच रहे मिथलेश राजपूत ने नौ गेदों में 28 रन और चार विकेट चटकाये। मैच के पहले मुख्य अतिथि रहे सदर विधायक अनिल प्रधान ने खिलाडियों से परिचय लेकर मैच शुरू कराया। मैच में खिलाडियों का हौसला बढाते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खिलाडियों को खेल सामग्री की सभी सुविधायें दी जायेंगी।

इस मौके पर ग्राम प्रधान अध्यक्ष अभिलाष सिंह, रानीपुर प्रधान जनार्दन सिंह, प्रबंधक पूर्व सूबेदार संतोष सिंह, संचालक जानकीशरण पाण्डेय, कोषाध्यक्ष पंकज सिंह, सचिव राजेश सिंह, मीडिया प्रभारी महेन्द्र सिंह, स्कोरर अनुराग सिंह, विजय प्रताप, विनय सिंह, अभय सिंह, बलराम सिंह, कोटेदार मनोज कुमार, देवशरण सिंह आदि मौजूद रहे।

आठ लोगों पर गुण्डाएक्ट की कार्यवाही से मची खलबली

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर थानाध्यक्ष दीपेन्द्र कुमार सिंह ने आठ लोगों पर गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधियों में खलबली मची है।

बुधवार को राजापुर थानाध्यक्ष दीपेन्द्र कुमार सिंह ने आम जनता में भय व आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले अंकित सिंह पुत्र बुद्धराज सिंह निवासी महुआ, ननका उर्फ नीरज पुत्र गोवर्धन आरख निवासी धोबीगंज कस्बा राजापुर, अमन पुत्र रमाशंकर पाण्डेय निवासी कनकोटा, गुड्डू शुक्ला पुत्र रामहर्ष शुक्ला निवासी भटरी, नवल कुमार रैकवार पुत्र फूलचन्द्र निवासी नांदिन कुर्मियान, संजय पुत्र कल्याण यादव निवासी गोसाईंपुर, अवधेश केवट पुत्र बच्चा केवट निवासी रानी तालाब मजरा पराको व अश्वनी कुमार पाण्डेय पुत्र बाबूलाल निवासी गनीवा के खिलाफ थ्रीयूपी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधीतत्वों में खासी खलबली मची है।

इसी क्रम में सरधुआ थाने के दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने वाहनों की जांच दौरान अरविन्द निषाद उर्फ कल्लू पुत्र रामेश्वर निवासी सगवारा को चोरी की मोटरसाइकिल समेत दबोचा है। उसके खिलाफ थाने में मामला दर्जकर चालान किया है।

पीएचसी का ताला तोड़कर अटेंडेंस रजिस्टर सहित हजारों रुपए की मशीने व दवाईया चोरी

नगीना। अज्ञात चोर पीएचसी का ताला तोड़कर अटेंडेंस रजिस्टर सहित हजारों रुपए की मशीने, वे दवाईया चोरी कर ले गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम पखनपुर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का बीती रात अज्ञात चोर ताला तोड़कर पीएससी केंद्र के अंदर घुस गए और ब्लड प्रेशर टेस्ट मशीन, शुगर टेस्ट मशीन, प्लास्टिक की कुर्सियां, कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर्ड, तथा दवाइयां सहित हजारों रुपए सामान चोरी कर ले गए। चोरी की घटना का पता उस समय लगा जब मंगलवार की सुबह को स्वास्थ्य कर्मचारी ड्यूटी के लिए सीएचसी पहुंचे और ताला टूटा एवं डिस्पेंसरी में दवाइयां जमीन पर बिखरी पड़ी देखी उसको देख कर स्वास्थ्य कर्मियों के होश फाख्ता हो गए। उप स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ नवराज कुमार ने मौके पर गांव के जिम्मेदार लोगों अभय विश्नोई, मुकेश कुमार ग्राम प्रधान, मुकेश कुमार चौहान, शिशुपाल, कमल सिंह, अजय पाल, भीम सिंह, नरेंद्र कुमार, यशपाल आदि को मौके पर बुलाकर घटना से अवगत कराया तथा चोरी की घटना की तहरीर थाने जाकर पुलिस को दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की मझेडा पुलिस चौकी प्रभारी कमल कुमार ने बताया कि शीघ्र ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

तीन फीसदी कमीशन लेकर डीसी मनरेगा कर रहा सीडीओ की छवि धूमिल

-निरंकुश होकर जिले में कमीशनखोरी का खेल रहा है खेल-चहेते ठेकेदार के कार्यों की जांच हो तो खुल सकता है करोडों का घोटाला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना के कार्यों में पलीता लगा रहा है जिले में तैनात डीसी मनरेगा/पहाडी ब्लाक के बीडीओ धर्मजीत सिंह पटेल। ईमानदार सीडीओ अमृतपाल कौर के नाम पर तीन फीसदी कमीशन लेकर उनकी छवि धूमिल करने में लिप्त है डीसी मनरेगा। पहाडी ब्लाक के उसके चहेते ठेकेदार की अकेले जांच करा ली जाये तो करोडों का घोटाला सामने आ सकता है।

बुधवार को डीसी मनरेगा/पहाडी बीडीओ धर्मजीत सिंह पटेल के भ्रष्टाचार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे डीसी मनरेगा के भ्रष्ट कार्यों की लम्बी फेहरिश्त है। अकेले पहाडी ब्लाक में दस करोड के कार्यों की मंजूरी दो फीसदी कमीशन लेकर हर वर्ष करता है। 60:40 के अनुपात को बिगाडकर 12 फीसदी कमीशन के फेर में डिप्टी कमिश्नर धर्मजीत सिंह पटेल मनरेगा के अनुपात को ताक में रखे है। जिले में निरंकुश होकर कार्य करने के मामले में कुख्यात डीसी मनरेगा ने अपने चहेते ठेकेदार को ही ज्यादातर कार्य दे रखे हैं। पांचों ब्लाकों से कमीशनखोरी कर रहा है। बसपा शासन काल में पांच फीसदी, सपा शासन काल में छह फीसदी कमीशन के स्थान पर भाजपा शासनकाल में इसने 12 फीसदी कमीशन का चलन चला

रखा है। जिले के आला अधिकारियों से मिलीभगत कर कहता है कि उसका कोई कुछ भी नहीं बिगाड सकता।

मजे की बात ये भी है कि इसके भ्रष्टाचारों के कार्यों का आडियो-वीडियो भी कर्मचारियों से पैसा मंगाने के कुछ लोगों के पास महफूज हैं। इसके भ्रष्टाचार की जांच होने पर आडियो-वीडियो भी देने का दावा लोगों ने किया है। जांच न होने पर ऐसे लोगों ने इसके भ्रष्टाचार के आडियो-वीडियो को वायरल करने की बात कही है। जिले के प्रधान व सामग्री आपूर्तिकर्ता लाचार होकर इसे कमीशन देते हैं। कमीशन के फेर में डीसी मनरेगा कहते हैं कि उन्हें गुणवत्ता से कोई वास्ता नहीं है। उन्हें तो सिर्फ कमीशन से मतलब है। इसी क्रम में इसके पहाडी ब्लाक के चहेते ठेकेदार की अकेले जांच कर ली जाये तो करोडों का घोटाला सामने आ सकता है। इस तरह से केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह पटेल पलीता लगाने में कोई कसर बांकी नहीं रख रहे हैं। ईमानदार सीडीओ अमृतपाल कौर के नाम पर तीन फीसदी कमीशन लेकर उनकी छवि धूमिल करने में तुला है, जबकि नौ फीसदी कमीशन ये अकेले डकार रहा है और सांस भी नहीं ले रहा है। बताते हैं कि पैसा कमाने की गरज से ही इसने पहाडी ब्लाक के बीडीओ का चार्ज ले रखा है। इस बारे में डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह पटेल ने कहा कि कमीशनखोरी के बारे में फोन से कुछ नहीं, मिलकर बात करुंगा।

जिले में डीएम से बडा हो गया स्कूल संचालक

बेखौफी से जारी कार्य बन्द कराने को जेई ने पुलिस को लिखा पत्र

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के बहुचर्चित स्कूल संचालक के सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर बन रही इमारत का कार्य बेखौफी से जारी है। चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के जेई आनन्द प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि कोतवाली पुलिस को कार्य रुकवाने बाबत पत्र भेजा गया है।

बुधवार को भी जिले के रेलवे स्टेशन के सामने गली में बन रही स्कूल की चार मंजिला इमारत का कार्य बेखौफी से जारी है। स्कूल संचालक को जिले के आला अधिकारियों का कोई खौफ नहीं है। वह इस कदर मतवाला हो गया है कि उसे किसी भी अधिकारी का कोई डर-भय नहीं है। सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर चार मंजिला इमारत के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है, जबकि ये इमारत बनने से जिलाधिकारी की गोपनीयता भंग होने की बात से भी लोग इंकार



नहीं कर रहे हैं। इसके बाद भी इस इमारत का कार्य बेरोकटोक जारी है।

स्कूल संचालक ने जिस दिन से अपने यहां एक कार्यक्रम करवाकर जिले के कुछ सत्ता पक्ष के नेताओं व अधिकारियों को बुलाकर गुलदस्ता भेंट किया है, उस दिन से लगातार कार्य तेजी से चल रहा है। उसने ये सब इसीलिए किया है कि उसका निर्माण कार्य अबाध गति से जारी रहे। निर्माण कार्य कराने को ही इस स्कूल संचालक ने अपने यहां कार्यक्रम आयोजित किया था। बताते हैं कि निर्माण कार्य करवाने को इस स्कूल संचालक ने जिले के एक जनप्रतिनिधि के खास के जरिये एक अधिकारी के नाम पर पांच लाख रुपये की धनराशि भी दी है। इसीलिए बेखौफी से स्कूल निर्माण का कार्य चल रहा है। इस बाबत चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के जेई आनन्द प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि निर्माण कार्य रुकवाने बाबत पुलिस को पत्र भेजा गया है। स्कूल संचालक उनकी बात किसी सूरत से नहीं मान रहा है। इसीलिए पुलिस को पत्र लिखा गया है।

डीएम ने औचक देखे एलएनटी के कार्य

18 सौ मजदूर, 25 जेसीबी कर रहे कार्य

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने चांदीबांगर में एलएनटी के हो रहे कार्य डब्ल्यूटीपी एवं इन्टेकवेल परियोजना का औचक मुआयना कर इन्टेकवेल पर हो रहे कार्यों की चर्चा की। प्रोजेक्ट मैनेजर जितेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि बाढ उतरने के बाद तेजी से काम हुआ है। इन्टेकवेल की लागत व समय बचाने को 70 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया है।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट के सभी यंत्रों का निरीक्षण किया। कैस्केड एरिया का काम तकरीबन पूरा मिला। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि सीएलएफ का भी कार्य तकरीबन पूरा हो गया है। मैकेनिकल इरेक्शन का कार्य चल रहा है। फिल्टर हाउस में फिल्टर नोजल लग रहे हैं।

इलेक्ट्रिकल बिल्डिंग की स्लैब का कार्य प्रगति पर है। मीटर रुम, एडमिन बिल्डिंग स्वीच यार्ड का कार्य भी प्रगति में मिला।

जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर की टीम का मनोबल बढाते हुए आगामी गर्मी से पहले सिलौटा व चांदीबांगर की योजनाओं का कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि 18 सौ मजदूर 14 मिनी एक्सकेवटर और 25 जेसीबी दिन-रात इस कार्य को कर रही हैं। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नमामिगंगे को अन्य योजनाओं को भी इसी के साथ तैयार करने को कहा। इस मौके पर एडीएम नमामिगंगे सुनन्दूसुधाकरण, जल निगम के एक्सईएन संजय गुप्ता, परियोजना प्रबंधक टीपीआई अभय नारायण दीक्षित, एसएमईसी मदनमोहन झां व एलएनटी के वरिष्ठ तकनीकी टीम के सभी इंजीनियर मौजूद रहे।

24 घंटे रैनबसेरा-अलाव की करायें व्यवस्था: एसडीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर के महावीर नगर व स्टेशन परिसर में ठंड का प्रकोप देखते हुए एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर अस्थायी रैनबसेरा का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को 24 घंटे रैनबसेरा चालू रखने व अलाव जलाने के निर्देश दिये।

बुधवार को कडाके की ठंड के चलते जिले के लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त है। जिलाधिकारी के निर्देश पर स्टेशन परिसर के बाहर बने रैनबसेरा का एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने निरीक्षण कर वहां लगे कर्मचारियों को रैनबसेरा में आने वाले यात्रियों के ठहरने और ठंड से बचाव की व्यवस्था देखी। निर्देश दिये कि 24 घंटे अलाव की व्यवस्था की जाये।

एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर रैनबसेरा का निरीक्षण किया है। कर्मचारियों को 24 घंटे रैनबसेरा चालू रखने व कस्बे में अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं।

न्यूज झरोखा

नाबालिग ने की 13 साल की बच्ची के साथ रेप

बदायूं (उत्तर प्रदेश) जागरण से घर लौट रही 13 वर्षीय एक लड़की के साथ 16 वर्षीय लड़के ने दुष्कर्म किया। घटना सोमवार की है और प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस ने बताया कि लड़के को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली पीड़िता को इलाज और चिकित्सकीय जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लड़की के चाचा के अनुसार जब उन्होंने उसकी तलाश शुरू की तो उसने अपनी भतीजी को गन्ने के खेत में बेहोश पड़ा पाया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने आरोपी को भागते देखा और उसे पकड़ने वाले स्थानीय लोगों को सतर्क किया।

एसएचओ बिसौली संजीव शुक्ला ने कहा, नाबालिग को किशोर न्यायालय में पेश किया गया और उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पीड़िता की मेडिको-लीगल जांच रिपोर्ट आने के बाद अदालत में उसका बयान दर्ज किया जाएगा।

गाजियाबाद में नए साल का जश्न मनाने होटल गई लड़की से रेप, आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद के एक होटल में नए साल का जश्न मनाने अपने दोस्तों के साथ आई एक लड़की के साथ होटलकर्मी ने रेप किया। लड़की के दोस्त दूसरे कमरे में पार्टी मना रहे थे। लड़की पार्टी के बाद अपने कमरे में सोने आ गई थी। लड़की की शिकायत पर पुलिस ने रेप का मामला दर्ज कर आरोपी होटलकर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 29 वर्षीय लड़की अपने 5 दोस्तों के साथ न्यू ईयर मनाने के बाद 1 जनवरी की सुबह गाजियाबाद के लिंक रोड थाना क्षेत्र स्थित एलिगेंट होटल पहुंची। यहां उन्होंने 3 रूम बुक किए। कमरा नंबर 113 में पार्टी करने के बाद लड़की सोने के लिए चली गई। जबकि उसके बाकी दोस्त कमरा नंबर 112 में ड्रिंक पार्टी करने लगे। पुलिस को दिए बयान में लड़की ने बताया कि अधिक शराब पीने की वजह वो ज्यादा नशे में थी। इसलिए अपने कमरे में आकर सो गई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि इस दौरान उसे महसूस हुआ कि स्वेट शर्ट पहने कोई लड़का उसके बगल में आकर लेटा है और गंदा काम कर रहा है। लड़की के उठने पर आरोपी फरार हो गया। पीड़िता ने जब अपने रूम की लाइट जलाई तो कपड़े अस्त-व्यस्त थे, चादर पर खून के निशान थे। सुबह करीब साढ़े 4 बजे लड़की ने दोस्तों को कॉल कर अपने रूम में बुलाया और सारी घटना बताई। इसके बाद वे सभी रिसेप्शन पर पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दिखाने के लिए कहा तो कैमरा खराब बता दिया गया। इसके बाद लड़की के दोस्तों ने कॉल कर पुलिस बुलाई। पुलिस ने होटल के सभी कर्मचारियों को इकट्ठा कर एक लाइन में खड़ा किया और फिर पीड़िता से उसकी शिनाख्त परेड कराई। इस दौरान पीड़िता ने आरोपी होटल कर्मचारी को पहचान लिया। उसकी शिनाख्त सुबोध के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को वहीं से अरेस्ट किया और थाने पर ले आई। 2 जनवरी को पीड़िता ने सुबोध के खिलाफ सेक्शन 376 में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने होटल के कमरे की बेडशीट को भी अपने कब्जे में लिया है, जिसकी डीएनए जांच कराई जाएगी।(

गायों को सर्दी से बचाने के लिए पहनाया कोट

एसडीएम ने जरूरतमंदो में वितरित किया कम्बल

मिल्कीपुर-अयोध्या। समाज सेवा की राह में ग्रामीण विकास सेवा समृद्धि पहल संस्था गोकुला ने सार्थक कदम उठाया है। बढ़ती ठंड को देखते हुये संस्था द्वारा गरीब और एक हजार जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। ठंड से राहत का सामान पाकर गरीबों के चेहरे खिल गये तो लोगों ने संस्था के इस कदम की सराहना की।

ग्रामीण विकास सेवा समृद्धि संस्था की ओर से मंगलवार को गोकुला गांव में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर अमित जायसवाल ने संस्था की ओर से जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। एसडीएम अमित जायसवाल ने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाएं आज बढ़-चढ़कर हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं, यह संस्था की ही देन है कि आज हजारों जरूरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड में कंबल वितरण किया जा रहा है, उन्होंने संस्था के अध्यक्ष आशुतोष सिंह की सराहना भी की। संस्था के अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि मेरे संस्था की ओर से विगत 2 वर्षों से गरीब, असहाय लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। उन लोगों को चिह्नित कर कंबल का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय मे ठंड का प्रकोप और ज्यादा बढ़ने की संभावना है।

मेरी संस्था की ओर से परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन करने वाले छात्रों को भी समय-समय पर कापी पेन उपलब्ध कराया जाता रहता है। 65 विद्यालयों में पंखा लगवाने के साथ साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुचेरा में छात्राओं के लिए वाटर कूलर भी उपलब्ध कराया गया है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी बताया कि समाज की सेवा करने का मौका मुझको मेरे चाचा अमेरिका में रह रहे प्रोफेसर डॉ हरि प्रताप सिंह एवं चाची अर्चना सिंह से मिली कोरोना काल के समय में उन्होंने अपने सहयोगी सुरेश चंद्र डालमिया के साथ मिलकर अमेरिका में रहते हुए भी अपने मुल्क तथा क्षेत्र के लोगों के बारे में सोचा और समय-समय पर जरूरतमंद लोगों को हर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराते रहते हैं।

एरिक गार्सेटी भारत में अमेरिकी राजदूत नामित, सीनेट की 'हां' का इंतजार

वाशिंगटन। लॉस एंजिल्स के पूर्व मेयर एरिक एम. गार्सेटी को भारत में दोबारा अमेरिकी राजदूत के रूप में नामित किया गया है। गार्सेटी भारतीय मूल के हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पांच भारतीय-अमेरिकियों को महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों के लिए फिर नामित किया है। इनमें गार्सेटी भी हैं। इनके नामों की पिछली कांग्रेस में सीनेट ने पुष्टि नहीं की थी।

अमेरिका में 118वीं कांग्रेस के सांसदों ने शपथ ग्रहण की। इसी के साथ अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को लॉस एंजिल्स के पूर्व मेयर एरिक एम. गार्सेटी को भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में नामित किया। व्हाइट हाउस ने उम्मीद जताई है कि इस बार अमेरिका की सीनेट से गार्सेटी की नियुक्त की पुष्टि हो जाएगी। व्हाइट हाउस ने कहा कि एरिक एम. गार्सेटी का नाम सीनेट को भेज दिया गया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि कैलिफोर्निया के एरिक गार्सेटी भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत होंगे।

अमेरिका कंपनी बोइंग से मिस्र खरीदेगा 12 सीएच-47एफ चिनूक विमान

सैन फ्रांसिस्को। मिस्र ने अमेरिका की विमान निर्माता कंपनी बोइंग से 42.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुबंध किया है। इस अनुबंध के तहत विमान निर्माता कंपनी बोइंग मिस्र की वायुसेना के लिए 12 नए सीएच-47एफ चिनूक विमानों का निर्माण करेगी। अमेरिका की विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा है कि इन चिनकू को हासिल करने के बाद मिस्र सीएच-47डी विमानों के अपने बेड़े को आधुनिक एफ मॉडल के साथ बदल देगा।कंपनी के अनुसार सीएच-47एफ में पूरी तरह से एकीकृत, डिजिटल कॉकपिट प्रबंधन प्रणाली, कॉमन एवियोनिक्स आर्किटेक्चर सिस्टम कॉकपिट और उन्नत कार्गो-हैंडलिंग क्षमताएं शामिल हैं। बोइंग ने कहा है कि टीम चिनूक के पास 19 अंतरराष्ट्रीय ग्राहक हैं।

पाकिस्तान में ऊर्जा संकट गहराया, बाजारों को रात साढ़े आठ बजे बंद करने का आदेश

इस्लामाबाद। पड़ोसी देश पाकिस्तान में राजनीतिक और आर्थिक संकट के साथ ऊर्जा संकट गहरा गया है। नकदी संकट के चलते ऊर्जा संरक्षण योजना के तहत विभिन्न उपायों की घोषणा की गई है। इसके तहत बाजारों और मैरिज हाल को रात साढ़े आठ बजे तक बंद करने और एक फरवरी से बल्ब उत्पादन बंद करने के निर्देश जारी किए हैं।

रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कैबिनेट की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाजार रात 8:30 बजे और मैरिज हाल 10 बजे बंद हो जाएंगे। इससे लगभग 60 अरब रुपये बच सकेंगे। एक फरवरी से पारंपरिक बल्बों का उत्पादन बंद कर दिया जाएगा। अधिक बिजली की खपत करने वाले पंखों का उत्पादन जुलाई से बंद कर दिया जाएगा। इससे लगभग 22 अरब रुपये बचाने में मदद मिलेगी। कैबिनेट ने ऊर्जा बचाने और आयातित तेल पर निर्भरता कम करने के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण योजना को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा जुलाई महीने से अधिक बिजली खपत वाले पंखों का उत्पादन भी बंद कर दिया जाएगा। इन उपायों से 22 अरब रुपये की और बचत होगी। सरकार शंक्वाकार गीजर का उपयोग एक वर्ष के भीतर अनिवार्य कर देगी, जिससे कम गैस का उपयोग होगा और 92 अरब रुपये की बचत होगी। स्ट्रीट लाइट के वैकल्पिक उपयोग से 4 अरब रुपये की बचत होगी। आसिफ ने कहा कि योजना के तहत सभी सरकारी भवनों और कार्यालयों में भी ऊर्जा का इस्तेमाल कम किया जाएगा और घर से काम करने की नीति भी 10 दिन में पूरी हो जाएगी। उन्होंने देश के लिए एक उदाहरण प्रदान करते हुए कहा कि आज कैबिनेट की बैठक में लाइट नहीं जल रही थी। बैठक पूरी धूप में हुई। आसिफ ने यह भी कहा कि कैबिनेट ने सरकारी विभागों की ओर से उपयोग की जाने वाली बिजली का 30 प्रतिशत संरक्षण करने की योजना बनाई है, जिससे 62 अरब रुपये की बचत होगी।

अपने देशवासियों को टोक्यो छोड़कर जाने को क्यों कह रहा जापान, दिया लाखों रुपये का ऑफर

टोक्यो। देश में जनसंख्या संतुलन को बनाए रखने की कोशिश में जापान सरकार जुटी है। जापान में राजधानी टोक्यो से बाहर जाने वाले परिवारों को विशेष ऑफर दिया जा रहा है। जापान सरकार की तरफ से घोषणा की गई है कि जो परिवार टोक्यो को छोड़कर कहीं और रहने का विकल्प चुनते हैं तो उन परिवारों को प्रति बच्चा दस लाख येन की पेशकश की जाएगी। जिसे एक प्रमुख प्रोत्साहन के रूप में देखा जा रहा है। गार्जियन ने जापानी मीडिया के हवाले से बताया कि पुनर्वास शुल्क प्रोत्साहन इस साल अप्रैल में पेश किया जाएगा, जो सरकार की ओर से लोगों को देश के छोटे शहरों और गांवों की ओर शिफ्ट करने के लिए दिया जा रहा है। कोविड महामारी के कारण, टोक्यो की आबादी पिछले साल पहली बार कम हुई थी, लेकिन जापान के नीति निर्माताओं का मानना ??है कि शहर में जनसंख्या घनत्व को

कम करने के लिए बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। उनका यह भी मानना ??है कि इस तरह का कदम लोगों को देश के 'अनफैशनेबल' हिस्सों में रहने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक है, जो व्यापक प्रवासन के बीच सिकुड़ती आबादी से गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं।यह भुगतान लगभग तीन मिलियन येन की वित्तीय सहायता के अतिरिक्त है जो पहले से ही समान उद्देश्य के लिए परिवारों को उपलब्ध है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टोक्यो और साइतामा, चिबा और कानागावा के 23 'कोर' वार्डों में रहने वाले परिवारों को यह दिया जाएगा। नियम बताते हैं कि लाभ प्राप्त करने के लिए, परिवारों को ग्रेटर टोक्यो क्षेत्र से बाहर जाना चाहिए। कुछ परिवारों को पर्वतीय क्षेत्रों में स्थानांतरित होने पर भी भुगतान प्राप्त हो सकता है, इस योजना में लगभग 1,300 नगरपालिकाएं, राज्य शामिल हुए हैं। इसके अलावा, परिवारों को अपने नए घरों में कम से कम पांच साल तक रहना चाहिए और इस अवधि के दौरान घर के एक सदस्य को काम पर होना चाहिए।

White House में 13 जनवरी को जापान के प्रधानमंत्री की मेजबानी करेंगे बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 13 जनवरी को व्हाइट हाउस में जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की मेजबानी करेंगे। दोनों नेता इस दौरान आर्थिक और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। अमेरिकी प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ठ

हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने कहा कि दोनों नेता 13 जनवरी को मुलाकात करेंगे और इस दौरान उत्तर कोरिया के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों पर भी चर्चा की जाएगी।इसके अलावा, आर्थिक मुद्दे, यूक्रेन पर रूस का आक्रमण, जलवायु परिवर्तन और ताइवान जलडमरूमध्य में स्थिरता जैसे मुद्दे भी चर्चा का विषय रहेंगे। ज्यां-पियरे ने कहा, ''राष्ट्रपति बाइडन जापान की हाल ही में जारी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति, जी7 की उसकी अध्यक्षता और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में उसके कार्यकाल को अपना पूर्ण समर्थन

दोहराएंगे।'' जापान इस साल मई में हिरोशिमा में जी7 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।प्रेस सचिव ने कहा कि बाइडन दोनों देशों की सरकारों, अर्थव्यवस्थाओं और लोगों के बीच संबंधों को और गहरा करने के लिए व्हाइट हाउस में किशिदा का स्वागत करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि दोनों नेता इस दौरान अमेरिका-जापान के बीच साझेदारी की भविष्य की रणनीति तय करेंगे। बाइडन और किशिदा ने आखिरी बार गत नवंबर में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान बाली में मुलाकात की थी।

व्हाइट हाउस ने कहा अमेरिका अफगानिस्तान की महिलाओं के साथ है

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका, अफगानिस्तान की महिलाओं के साथ है और देश में लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंधों के तालिबान के हालिया कदम की कड़ी निंदा करता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' हम अफगानिस्तान की महिलाओं के साथ हैं और लड़कियों की शिक्षा तथा उनके अधिकारों पर पाबंदियों के तालिबान के फैसले की निंदा करते हैं।

जैसा कि हमने पहले भी कहा है कि तालिबान के ये कदम उसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय से और अलग-थलग करेंगे और अपने शासन को वैध ठहराने की उसकी इच्छा भी पूरी नहीं हो पाएगी।''उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, ''हम इस मुद्दे पर अपने भागीदारों व सहयोगियों के साथ सम्पर्क में हैं। हम अफगानिस्तान की महिलाओं तथा लड़कियों का समर्थन करने और अफगानिस्तान के लोगों को

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' हम अफगानिस्तान की महिलाओं के साथ हैं और लड़कियों की शिक्षा तथा उनके अधिकारों पर पाबंदियों के तालिबान के फैसले की निंदा करते हैं।

मानवीय सहायता प्रदान करने के हमारे साझा प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए कदम उठाना जारी रखेंगे।'' गौरतलब है कि तालिबान सरकार ने हाल में महिलाओं की शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया था।

अमेरिका में नए साल के तीन दिन, गोलीबारी में 131 लोगों की मौत



वाशिंगटन। अमेरिका में नए साल की शुरुआत भी बंदूक हिंसा से हुई है। शुरुआती तीन दिन के अंदर हुई गोलीबारी की घटनाओं में 131 लोग मारे गए हैं और 313 लोग घायल हुए हैं। गैरसरकारी संगठन 'गन वायलेंस आर्काइव' ने यह आंकड़ा जारी किया है। संगठन ने कहा है कि साल की शुरूआत से अब तक अमेरिका में 131 लोग गलती से या जानबूझकर बंदूक चलने से मारे गए हैं और 313 घायल हुए हैं। इनमें दो बच्चे और 11 किशोर शामिल हैं।

जर्मनी ने द्वितीय विश्वयुद्ध क्षतिपूर्ति वार्ता से इनकार किया, पोलैंड ने संयुक्त राष्ट्र का रुख किया

संयुक्त राष्ट्र। पोलैंड ने कहा कि जर्मनी ने उसे सूचित किया है कि वह द्वितीय विश्व युद्ध की भरपाई के लिए वारसॉ को किसी भी तरह की क्षतिपूर्ति पर बातचीत में शामिल होने का इरादा नहीं रखता है और इस मामले को समाप्त मानता है। पोलैंड के विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि उसने नाजी जर्मनी के 1939-45 के शासन के तहत हुए अनुमानित नुकसान के लगभग 1.3 ट्रिलियन डॉलर के मुआवजे को पाने के अपने प्रयासों के तहत समर्थन के लिए संयुक्त राष्ट्र का रुख किया है।लंबे समय से जारी विवाद के दौरान जर्मनी इस बात पर जोर देता रहा है कि इस मामले को साम्यवादी समय के दौरान लिए गए फैसलों से बंद कर दिया गया था, जब वारसॉ ने क्षतिपूर्ति की मांग को छोड़ दिया था। पोलैंड का कहना है कि यह रूस के दबाव में किया गया था और यह कानूनी

रूप से बाध्यकारी नहीं था। इसने अक्टूबर में एक आधिकारिक मांग भेजी। पोलैंड के नेता सुझाव देते रहे हैं कि बातचीत की संभावना बरकरार है।

पोलैंड के विदेश मंत्रालय ने 28 दिसंबर के एक आधिकारिक नोट में कहा कि बर्लिन में सरकार ने कहा कि ''युद्धकालीन नुकसान की भरपाई और मुआवजे का मामला बंद है और जर्मन सरकार इस विषय पर बातचीत शुरू करने का इरादा नहीं रखती है।'' मंत्रालय ने व्यापक मोर्चे पर अपने प्रयासों को जारी रखने का संकल्प लिया और कहा कि मंगलवार को सरकार ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव

पोलैंड का कहना है कि यह रूस के दबाव में किया गया था और यह कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं था। इसने अक्टूबर में एक आधिकारिक मांग भेजी।

एंतोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र के अन्य शीर्ष अधिकारियों को दिये संदेश में युद्धकालीन क्षतिपूर्ति पाने के प्रयासों में ''सहयोग और समर्थन'' का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

यूरोप को जगाने के लिए वेक-अप कॉल की जरूरत, विएना में जयशंकर ने दी नसीहत

वाशिंगटन। विदेश मंत्री विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रिया दौरे के बीच ने यूरोपीय देशों को नसीहत दी। विएना में एक साक्षात्कार में उन्होंने यूरोप को नई विश्व व्यवस्था, यूक्रेन जंग और चीन की चुनौती को लेकर सलाह दी। इसके साथ ही कहा कि यूरोप को हिली हुई विश्व व्यवस्था को समझने के लिए एक वेक-अप कॉल की जरूरत है।

बदलाव, खतरनाक दौर में रहे हैं हम- वैश्विक ढांचे में मूलभूत

बदलाव का जिक्र करते हुए जयशंकर ने अमेरिका का उदाहरण दिया और कहा कि तमाम मतभेदों के बाद भी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपतियों बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप इस बात से सहमत हैं कि अमेरिका अब ज्यादा समय तक वैसी भूमिका नहीं निभा सकता, जैसी की वह पहले निभाता रहा है, इसलिए उसे पीछे हटना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हम पहले से ही खतरनाक दौर में रह रहे हैं। इस संक्रमण काल के कारण नई विश्व व्यवस्था बनाने में लंबा समय लगेगा, क्योंकि बदलाव बड़ा है।

उन्होंने कहा कि अमेरिकियों ने जल्दी यह महसूस कर लिया कि उन्हें अपनी स्थिति को पुनः स्थापित करना होगा, इसलिए उन्होंने हमारे जैसे देशों से सहयोग करना शुरू कर दिया। हालांकि, यूरोपीय लोगों ने भी यूक्रेन जंग के पहले महसूस कर लिया था कि विश्व व्यवस्था बदल रही है। फिर भी यूरोप ने व्यापार पर ध्यान केंद्रित किया, बहुपक्षवाद पर जोर दिया और जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर अपनी शर्तों पर दुनिया को झुकाने के लिए अपने आर्थिक प्रभाव का उपयोग किया।

बहुपक्षीय विश्व व्यवस्था की जरूरत

इसके बाद यूरोपीय लोगों ने भारत-प्रशांत रणनीति के बारे में बात करना शुरू किया। इससे स्पष्ट था कि वे अब दुनिया के अन्य हिस्सों में विकास पर सिर्फ दर्शक नहीं बनना चाहते। उन्होंने कहा कि विश्व व्यवस्था अभी भी पश्चिम मुखी है और इसे बहुपक्षीय बनाने की जरूरत है, ताकि दुनियाभर के देश अपनी विशेष नीतियों और वरीयताओं और हितों को चुन सकें।

भारत ने पश्चिम के पाखंड को खत्म किया

जयशंकर ने भारत का उदाहरण देते हुए कहा कि नई दिल्ली ने रूसी आक्रमण की निंदा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका और यूरोप के दबाव को खारिज कर दिया। इसके साथ ही रूस को भारत ने अपने सबसे बड़े तेल आपूर्तिकर्ता देश में बदल दिया। पिछले साल 24 फरवरी से छिड़े रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिम के कथित पाखंड को भी ठुकरा दिया गया।

न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप में भूकंप के जोरदार झटके



वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप के मध्य भाग में स्थित वाइकाटो जिला मेंभूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.1 मापी गई। जियोनेट के मुताबिक भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह साढ़े पांच बजे महसूस किए गए। इसका केंद्र ते अरोहा से पांच किलोमीटर दक्षिण में धरती की सतह से सात किलोमीटर की गहराई में था। जियोनेट के अनुसार 20,000 से अधिक लोगों ने एक घंटे के भीतर भूकंप के झटके महसूस करने की सूचना दी।

इजराइल के अतिराष्ट्रवादी मंत्री ने यरुशलम में पवित्र स्थल का दौरा किया

वाशिंगटन। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की नई दक्षिणपंथी सरकार में पदभार ग्रहण करने के बाद एक अतिराष्ट्रवादी इजराइली कैबिनेट मंत्री ने पहली बार मंगलवार को विवाद का केंद्र रहे यरुशलम के एक पवित्र स्थल का दौरा किया। फलस्तीनी इस दौरे को उकसावे वाली कार्रवाई के तौर पर देखते हैं। इससे पहले दिन में फलस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि बेथलहम के कब्जे वाले वेस्ट बैंक शहर के पास इजरायली सेना की गोलीबारी से 15 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। इजरायली सेना ने कहा कि उसके बलों ने सैनिकों के साथ हिंसक टकराव में शामिल एक व्यक्ति को गोली मार दी थी।इतामार बेन-ग्विर ने उस स्थल में प्रवेश किया जिसे यहूदियों द्वारा 'टेंपल माउंट' और मुसलमानों द्वारा 'नोबल सेंचुरी' के कहा जाता है। उनके साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी थे। बेन-ग्विर लंबे समय से पवित्र स्थल तक यहूदियों की अधिक पहुंच का आह्वान करते रहे हैं। हालांकि फलस्तीनियों द्वारा इसे उकसावे और इजराइल के इस परिसर को पूरी तरह अपने कब्जे में लेने की संभावित तैयारी के तौर पर देखा जाता है। अधिकांश रब्बी, यहूदियों को उस स्थल पर प्रार्थना करने से मना करते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में वहां प्रार्थना का समर्थन करने वाले यहूदियों के आंदोलन में तेजी आई है। फलस्तीनी प्रदर्शनकारियों और इजराइली सुरक्षा बलों के बीच यह स्थल कई संघर्ष का गवाह रहा है। पिछली बार यहां दोनों पक्षों में अप्रैल में झड़प हुई थी। विवादित धर्मस्थल के संरक्षक के रूप में कार्य करने वाले जॉर्डन के हाशमाइट राज्य ने बेन-ग्विर की यात्रा की 'कड़े शब्दों में' निंदा की। इस सप्ताह की शुरुआत में बेन-ग्विर के यहां जाने का इरादा व्यक्त किए जाने के बाद से उसे लेकर इस्लामी आतंकवादी समूह हमास से खतरा पैदा हो गया था। बेन-ग्विर ने अपनी यात्रा के बाद ट्विटर पर लिखा कि स्थल 'सभी के लिए खुला है और अगर हमास को लगता है कि वह धमकी देकर मुझे डराएगा तो उन्हें समझना चाहिए कि समय बदल गया है।' हमास के प्रवक्ता हजेम कासिम ने कहा कि बेन-ग्विर का स्थल में प्रवेश करना 'हमारे पवित्र स्थानों पर यहूदीवादियों के कब्जे की आक्रामकता की निरंतरता और हमारी अरब पहचान के खिलाफ युद्ध था।' उन्होंने कहा, 'हमारे फलस्तीनी लोग अपने पवित्र स्थलों और अल-अक्सा मस्जिद की सुरक्षा करते रहेंगे।'

अमेरिका में रिपब्लिकन नेता केविन मैककार्थी स्पीकर का चुनाव हारे

वाशिंगटन। अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन नेता केविन मैककार्थी स्पीकर का चुनाव हार गए। नैंसी पेलोसी के स्थान पर चुनाव लड़ रहे केविन मैककार्थी बहुमत हासिल करने में वि हो गए। मैककार्थी 100 वर्ष के इतिहा में पहले ऐसे नेता हैं जो पहले ही राउंड की वोटिंग हार गए और स्पीकर का पद सुरक्षित नहीं कर सके।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कैलिफोर्निया से रिपब्लिकन सांसद केविन मैककार्थी को हुई पहली राउंड की वोटिंग में महज 19 और दक्षिणपंथी सांसद व उम्मीदवार एंडी बिग्स को केवल 10 मत ही मिले। बहुमत के लिए सदन में 218 मतों की आवश्यकता थी। मैक्कार्थी

को दो राउंड की मतगणना में केवल 203 वोट मिले। राष्ट्रपति जो बाइडेन को केविन मैककार्थी के जीतने की उम्मीद थी।

गौरतलब है कि व्हाइट हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी को वर्ष 2021 में 216 वोट हासिल हुए थे। करीब 20 साल तक डेमोक्रेटिक पार्टी का नेतृत्व करने के बाद पेलोसी ने इस पद से हटने का फैसला किया है। कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता पेलोसी 2007 में प्रतिनिधि सभा की पहली महिला अध्यक्ष बनी थीं।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।